Enacting Formula

SHRI PREM CHAND GUPTA: Sir, I move:

"That at page 1, line 1, *for* the word "Fifty-sixth" the word "Fifty-seventh" be "*substituted.*"

The question was put and the motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

SHRI PREM CHAND GUPTA: Sir, I move:

"That the Bill, as further amended, be returned to the Lok Sabha."

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Dr. Karan Singh to move the Motion of Thanks on the President's Address.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS

DR. KARAN SINGH (NCT of Delhi): Sir, I move:

"That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on February 16, 2006."

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, Sir, we can now adjourn for lunch.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Since he has started, let him complete, and then we will adjourn for lunch.

DR. KARAN SINGH; I will take only thirty minutes.

SHRI NILOTPAL BASU: But, Sir, I am suggesting that since he has just moved the motion, he can speak after lunch.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has requested for it.

DR. KARAN SINGH; If you are not too hungry, Nilotpal babu, it will take only thirty minutes. ...*(Interruptions)*...

SHRI NILOTPAL BASU: It is not my question of ...(*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI (Uttar Pradesh): He is not hungry but angry.

DR. KARAN SINGH: He won't be angry with me, I am sure. Sir, this Address is the first after a full year of the UPA Government and it reflects the remarkable initiatives based upon the Congress Manifesto, 2004 and the National Common Minimum Programme, 2004. Sir, it lays down clear goals and detailed programmes to achieve them. Broadly speaking, our goals are: growth with equity, poverty alleviation and ultimately elimination, national regeneration and international recognition as a significant factor in the emerging global society.

Sir, it starts with economic growth, and growth is certainly a prerequisite for progress. It should reach eight per cent this year and if maintained for the next eight or ten years, we should have major breakthroughs by the year 2020. But growth by itself is not enough. Growth is certainly important, but if it does not provide massive employment opportunities, if it does not encourage social justice and equity, growth by itself will not achieve the goals that we have set before us.

In fact, Sir, if the gap between the rich and the poor continues to widen, it will trigger social tensions that can gravely damage the texture of our national life. It has been found in many countries where economic development takes place very fast, but social regeneration does not keep pace, the gap widens and there is a great deal of unrest. Even in a country like China, I understand, despite their tremendous spurt in growth, there has been a great deal of unrest because the bulk of the population has not yet been carried along with them. So we have to ensure that along with our rate of growth, we should also have the poverty alleviation programmes; and Sir, for the first time—I would repeat, for the first time—in our history, there has been an unprecedented attack on the citadels of poverty through the so-called five pillars of development.

Never before have such massive funds been allotted to programmes which, if properly implemented, can transform the life of the common man, the *Aam Admi*. Our culture, Sir, has always prayed for the *Aam Admi*.

सर्वेपि सुखिनः सन्तु; सर्वे सन्तु निरामया।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुःख भाग भवेत्।।

It never prays only for the welfare of an elite, it prays for the welfare of all beings. And what we are trying to do this time is to have a dual approach. On the one hand, there is economic growth—the rate is picking up, seven-and-a-half per cent or eight per cent, there would be massive investments, there would be a trickle down effect—and on the other hand, we are directly attacking the poverty which bedevils the weakest and the most vulnerable sections of our society.

Sir, these five pillars of development are extremely important. For example, the National Rural Employment Guarantee Scheme. For the first time ever, this sort of a scheme has been started or will be started in 200 districts. It is the beginning of a security net for those sections of the society which are the weakest and the most vulnerable sections. Many countries abroad have big social security programmes, we have not been able to do that. But, with this innovative scheme, we have now started the process, for the first time, of bringing within the ambit of the social security system the weaker sections of our society. But, Sir, the success of this programme will depend upon the implementation of it and the key is the State Governments, the local bodies, the Panchayati Raj institutions, from the Zilla Parishads right down to the Gram Sabhas. Unless these bodies ensure that the money is not siphoned off en route because, in the past, we know, many excellent programmes had been made by the Government, but by the time, the reach the people for whom it is directed, a lot of leakage takes place. That has to stop, and it is to be ensured that it really reaches the people for whom it is meant. Sir, this sort of monitoring can only be done by the Panchayati Raj institutions, by the Gram Sabhas and by the people who are actually affected by these programmes. And, therefore, along with this very ambitious and very welcome Rural Employment Guarantee Scheme, we must build in some kind of monitoring mechanism to ensure that those people do get it. This is an innovative programme. This is the first time that a programme like this has been introduced, and I think, consequently, the entire House, regardless of party affiliations, will support and welcome this measure.

The second pillar is the Bharat Nirman. The first one is the Rural Employment Guarantee Scheme. The second is the Bharat Nirman, which is designed to bring essential services to every village in India. We have 650,000 villages, 6.5 lakh villages in India, and the scheme is to bring electricity, roads, drinking water, and, at least, one telephone connection,

and rural housing colony. It is an absolutely massive programme; it is a mind boggling programme, and it is directed at the 70 per cent of our population, who live in the rural areas. Now, a programme like this, which seeks to cover 650,000 villages, requires a massive financial, organizational and administrative effort to orchestrate various agencies, various departments that are involved, and here again, the task is one of coordination, of monitoring and of ensuring all these things because even if one of these facilities is absent, for example, if the road does not come, then the other things will not come. Each of the components of Bharat Nirman need to be looked into, and it is very good that the President, in his Address, has clearly spelt out our priorities in this country.

Now, the third main aspect in the Rural Health Mission. I was the Health Minister 30 yeas ago. The rural health delivery system is still most unsatisfactory. It needs a special thrust. Just yesterday or day before, I raised the question before the Minister as to why our doctors are not going to the rural areas, and whether we are having a programme for paramedicos to go intc the rural areas. We have got to meet the threat that the rural population faces. The evil of female infanticide, for example, is a shame and disgrace on this country.

Nutritional inputs have to be given. Children are being born, stunted in body and mind, because they do not get nutritional inputs either through the nursing mothers or through the pregnant mothers, and we have to give these services as far as possible in the rural areas. I would suggest that the Government must seriously consider this aspect. We must launch a massive programme of contraceptive technology to ensure population stabilization. The House knows that our rate of growth is still 1.7 per cent, which means that we are adding virtually one Australia every year to the population of India. If you are going to get rid of poverty, unless we move towards population stabilization, that is not possible, and that can only be ensured by empowering the women, by giving them the choice of contraceptive and by providing contraceptive technology, particularly, in the rural areas.

Also, Sir, a massive condom programme needs to be launched to save us from the scourge of AIDS. AIDS is becoming a very major problem. We are the Second Largest Country in the World, having the second largest number of HIV AIDS' patients after South Africa. This is an explosion waiting to occur, and unless we take this contraceptive technology to the people, to the villages, we are going to find one day, within the next 5-10 years, that there is going to be a massive explosion

of AIDS that can decimate our population, that can destroy, particularly, the weaker sections of the society, and that will cause havoc in the country. Therefore, I would like to see that the Rural Health Mission does not only concentrate on health, but also concentrates on population stabilization, family planning and AIDS control. I understand that Brazil, which is also very much like us, a large country with huge areas and population, 95 per cent of its population is protected from AIDS, whereas, we are far behind, I suggest that this is something to which the entire House has got to give special consideration. That is the third thing. We have the Rural Employment Guarantee Scheme, we have the Bharat Nirman, we have the National Rural Health Scheme.

Then, there is the Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission. Our slums are proliferating. Wherever you travel in India, whether they are big cities or small cities, the slums are proliferating. And if you look at the satellite photographs of India, you will see them spreading like cancerous growth throughout the length and breadth of this country. Now, unless our urban conglomerates also have some kind of validity and viability, chaos is going to exist. It is estimated that within another ten years, 50 per cent of our population is going to be living in the urban areas and, therefore, these 63 towns, that have been chosen by the Government, need special consideration. Transportation is a major block. Delhi Metro shows that is can be done. Kolkata Metro is already there. We need to have innovative solutions to these problems in the cities; otherwise, our cities are becoming totally unmanageable, ungovernable. Therefore, in the slum areas we have all sorts of tensions growing, which are not conducive towards a harmonious society.

And, then, you have the fifth pillar in the *Sarva Shiksha Abhiyan.* Sir, the House will agree with me that it is a matter of shame and disgrace that 60 years after independence, we still have crores and crores of people in this country, who are illiterate. Although the percentage of illiteracy has, certainly dropped, the total number are still very large and, therefore, we have to ensure the *Sarva Shiksha Abhiyan.* This will involve massive building programmes for schools, massive employment opportunities for teachers. Unemployment is one of the biggest problems we are facing. Through the *Sarva Shiksha Abhiyan,* through the building of school structures and the teachers' appointment, you can go a long way to meet the problem of unemployment.

Sir, 'the girl child' particularly is the most vulnerable. They drop out of schools very easily. And one simple thing, if I may say so, the other day, somebody was telling me, which I had not realised. This is one of the reasons why, after a certain stage, the girls dropped out. It is a very simple reason; there are no separate toilets for girls in the schools. It is as simple as that. So, when we plan to have new schools, we have to plan that there are separate facilities for boys and girls; otherwise, the villagers will not send their girls to schools. So, we have to really now rethink about our programmes, and in the *Sarva Shiksha Abhiyan,* we have to have a type of education that fosters national integration, that fosters national cohesion and that fosters interfaith harmony. Sir, Interfaith harmony is the basis upon which our nation is founded. एकं सत्विप्रा बहुधा वदन्ति The Vedas say there is one truth the wise, call it by many names. We have got to inculcate into the students the fact that all religions are different paths to the same goal and, therefore, all fanaticism, fundamentalism and all narrow mindedness have got to disappear, only then will India become a great country.

Also, Sir, the Mid-Day Meal Programme, if it is extended to every child in this country, will ensure, at least the minimal nutritional input that a child needs. This is one of the best programmes that we have undertaken. I would also urge the Government that the youth have got to be involved in the process of social development in what Pt. Jawaharlal Nehru used to call "the exciting adventure of building a new India", through the NCC, through the NSS and through the *Nehru Yuvak Kendras.* We have to involve the youth. Then must have a sense of commitment and involvement in the development of this country. There was originally, - I think some Members will remember-the Community Development Programme in the early days of independence; everybody was involved. And, now, suddenly, the whole thing has disappeared. So when we take of the youth, when we talk of the *Sarva Shiksha Abhiyan,* we have got to have mechanisms that involve them, that give them a sense of excitement in the building of new India.

Sir, to these five pillars, I would add the infrastructure development. The Golden Quadrilateral, the East-West Highway plus airport modernisation were taken up by the previous administration. My friend Mr. Dipankar Mukherjee, is here. I set up the International Airport Auhtority of India, I piloted the Bill in the Parliament 35 years ago when I was Minister of Civil Aviation. I am aware that the Airports Authority of India

has the expertise and there is so much to be done in the country. There are so many airports in the country which need to be rebuilt. But as far as metropolitan international airports are concerned, certainly, I think, we need input of expertise. How that would come, what should be the terms and conditions. I am not going into those details. But we must have good airports. Our airports are a disgrace. When a plane lands in Delhi the airhostess says, "Welcome to the Indira Gandhi International Airport", and people look out to see where the terminal is. I inherited airport barracks at Palam and, more or less, after 35 years, we have upgraded the airport barracks. That is all we have. You go to Dubai, Singapore and Kuala Lumpur, and look at the way their airports are. We do not want airports simply as a prestige symbols. We really need them. The Delhi Commonwealth Games are coming up in 2010. Millions and millions of tourists are coming to India. We have to bid for the Asian Games. We have to bid for the Olympics sooner or later. Our major cities, not only metropolitan cities but also Bangalore, Hyderabad and other cities like Srinagar, need proper airport terminals. So, I would very strongly urge upon the Government that airport infrastructure should be hastened, and wherever necessary we should get and welcome international collaboration and expertise so that we can build world class airports.

I must emphasise that the success of these plans and projects will depend on three factors. One is full cooperation from the State, local and panchayati raj bodies irrespective of their political affiliations. I may point out that most of the 200 districts that have been chosen for the Rural Employment Guarantee Scheme are not, in fact, under the UPA Government at all; they are under other Governments. But it is essential that we must cut across party barriers. Poverty eradication is too important for us to get bogged down in partisan politics. Therefore, I would appeal to all sections of the House that although we have a lot of differences on many policies obviously, that is what democracy is all about, as far as poverty eradication programmes are concerned, there has to be full cooperation from all parties; otherwise, this will become a partisan programme. That is number one.

Secondly, we need close and continuous monitoring of these schemes, not only the money spent but also the performance achieved. We need a social audit. Some impartial monitoring mechanism must be put in place

to ensure the successful implementation of these schemes. Otherwise, simply having a marvellous scheme and talking about it will not be enough.

Thirdly, what we need is "good governance". The Address itself defines "good governance". Shri Nilotpal Basu will agree that "good governance" today implies more efficient use of public finances in sectors where the Government must invest and less Government intervention in areas where individual initiative can achieve more. That is what the Address says. I think, "good governance" means transparency, efficiency and integrity at all levels of administration, along with the maintenance of social harmony and promotion of an inclusive society.

Let us understand for a moment what we are trying to do. We are trying to have a revolution—ours is a country where millions and millions of people are still suffering from malnutrition, where millions don't have enough food to eat, where millions shiver in the winter, where millions are drenched in the monsson, where millions suffer in the summer, where so many children don't go to schools. It is essential eliminate the scourge of poverty from this country. We call ourselves a great nation, and indeed we are, no doubt. But as long as millions of children remain hungry, I don't think that we can really call ourselves a great nation. I congratulate the UPA Government for these innovative schemes that they have undertaken, which would make a direct assault on citizens' poverty.

I have just two or three points more because the debate, I am sure, will cover a lot of ground. The Address mentions that an Environment Policy is on the anvil. It is high time that it came, and it is on the anvil. We welcome setting up of a Tiger Conservation Authority. But to quote a verse from Ghalib, टाइगर का तो वह हाल है कि—

''हमने माना कि तग़ाफुल न करोगे लेकिन

ख़ाक हो जाएंगे हम, तुमको ख़बर होने तक।''

By the time your conservation authority is set up, the tigers are fast disappearing. They have disappeared from Sariska. They are disappearing from Ranthambore and will soon be finished. So this should be done very quickly. Another point I would like to urge is de-pollution of the Ganga and the Yamuna. These are the two most sacred rivers in India. If you look at the Yamuna, it is a sewage, not even a river. It is a

shame and a disgrace to see it. I would urge that there should be special programme. Shri Rajiv Gandhi launched the Swachchh Ganga Abhiyan. A lot of money, crores of rupees went into it, but it has not had any effect. The Yamuna is getting worse and worse everyday. This, I suggest, is something that we have to do.

I will not go into foreign policy because that is a very complex and complicated area, except to say that the President's Address points out that we are trying to strengthen our relationships not with only one area, we are looking to the East particularly; we are looking to SAARC; we are looking to BIMSTEK; we are looking to ASEAN; we are looking to China; we are looking to Japan and we are trying to further a multi-polar world. We just had a meeting with the President Jacques Chirac of France and we talked about our joint commitment to a multi-polar world. We do not accept the concept of a uni-polar world. We have to have many poles. The European Union is a pole; Japan is a pole, China is a pole and India itself is going to be one of the major poles.

I will only add that foreign policy has three stands, that is, classical diplomacy, political diplomacy, then economic diplomacy which is now growing more important particularly in the field of energy, in the field of aviation, and then there is a cultural diplomacy. Cultural diplomacy is something with which the ICCR is mandated. I happen to be looking after it now. India has a multiple culture, a remarkable culture. We are the land of the Buddha. All the Buddhist cultures really originated in India. We are the land of the Hindu culture. All the great Hindu temples and shrines are here. We have the largest Muslim shrine outside the Mecca and Madina shrines. We have the Ajmer-e-Sharief Dargah, we have Charar-e-Sharief, we have the Hazrat Nizamuddin Shrine. Jain's sacred places are here. Sikh's sacred places are here. All the great religions have flourished in this country. We want to develop cultural diplomacy to project our pluralistic society and pluralistic culture abroad. Just now we had the Afro-Asian Writers Conference. Some of the best writers from Africa and Asia came together in order to have a Conference here. We are having a big festival of Europe this year. We are having Pakistani performers coming here. So cultural diplomacy now is beginning to become a more important stream in our foreign policy. There are many more areas which have been covered here, but I have promised that I will just take 30 minutes.

I would like to close by congratulating the Congress President and UPA Chairman, Shrimati Sonia Gandhi and the Prime Minister,

Dr. Manmohan Singh, for the bold and path-breaking initiatives which have been outlined in President's Address and which, if implemented, will surely give a fresh impetus to the continuing process of economic growth, social integration and national cohesion. Sir, I commend the Motion to the hon. Members. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch till 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at Twenty-nine minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at Thirty-one minutes past two of the clock

Mr. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair

श्री राशिद अल्वी (आन्ध्र प्रदेश): उपसभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि इस अहम मौके पर आपने मुझे इस बात की इज़ाजत दी कि मैं माननीय राष्ट्रपति जी के ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप मोशन मूव कीजिए, आप सेकंड कर रहे हैं।

SHRI RAASHID ALVI: I Second the Motion moved by Dr. Karan Singh.

मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे इस मोशन को सेकेंड करने का मौका दिया। महोदय, इंग्लैंड की पार्लियामेंट के अंदर, पार्लियामेंट के ज्वाइंट सैशन को अड्रैस करने की सैकड़ों सालों से एक रिवायत रही है कि हर साल पार्लियामेंट की इब्तदा में, पार्लियामेंट के मेंबर्स को अड्रैस किया जाता है। हमारे कांस्टीट्यूशन में भी आर्टिकल 97 ने हमें यह मौका फरहाम किया कि साल के शुरू में दोनों हाऊसेज़ के पार्लियामेंट के मेंबर्स के ज्वाइंट सैशन को प्रेजीडेंट अड्रैस करते हैं और आर्टिकल 87(2) ने इस बात का अख्तियार पार्लियामेंट के मेंबर्स को दिया है कि वे उसके ऊपर बहस कर सकें।

सर, प्रेजीडेंट का अड्रैस, सरकार का बीता हुआ कल भी है, आज भी है और आने वाला कल भी है। यह एक ऐसा मौका है, जिसके अंदर माज़ी में की गई गलतियों का एहसास किया जा सकता है और गुज़रे हुए कल में सरकारों द्वारा की गई गलतियों से सबक हासिल किया जा सकता है और सरकार आने वाले कल का ब्लूप्रिंट, पार्लियामेंट के मेंबर्स और जनता के सामने पेश करती है।

सर, मेरा मानना है कि दुनिया के अंदर वही कौम इज्ज़त की जिंदगी बसर करती है जो अपनी माज़ी की गलतियों से सबक हासिल कर लेती है जो कौमें सिर्फ लड़ने का काम करती है, गुज़रे हुए कल में खाई हुई ठोकरों से सबक हासिल नहीं करतीं, वे कौमें कभी अपने आने वाले कल को शानदार नहीं बना सकती हैं। यह एक इंतहाई खूबसूरत मौका है और यह कन्वैंशन है कि पार्लियामेंट में

बहस तो होती है, लेकिन बहस के बावजूद यह मोशन unanimously पास होता है। अपोज़ीशन के लोग, सरकार के लोग, एक साथ इकट्ठा होकर प्रेजीडेंट का शुक्रिया अदा करते हैं। बहस जरूर होती है।

सर, आज जो यह डॉक्युमेंट है, यकीनन यह सरकार का ब्लूप्रिंट है। 62 पैराग्राफ्स के अन्दर माननीय राष्ट्रपति जी ने, सरकार अगले एक साल में क्या करने वाली है, सरकार अपने पूरे टेन्योर में क्या करने वाली है, उसकी भी एक हल्की सी झलक इस एड्रेस के अन्दर दी है। अभी तक जब से मैं पार्लियामेंट का मैम्बर हुआ, तब से तमाम प्रेसिडेंट्स की इज्जत करते हुए मैं कहना चाहूंगा कि इतना कंक्रीट प्रेसिडेंट्स एड्रेस, जिसके अन्दर इन्तेहाई गहराई नजर आती है, जो कोई बहुत लम्बा नहीं, जिसमें ज़िन्दगी के हर पहलू को छुआ गया, इतना मुकम्मल प्रेसिडेंट्स एड्रेस है। मैं कहना चाहूंगा कि एक बार पार्लियामेंट के अन्दर ही मौलाना आजाद ने कहा था, जिन्होंने हिन्दुस्तान की जंगे-आज़ादी की लड़ाई लड़ी, देश को सिर्फ वे लोग आगे ले जा सकते हैं, देश की क़यादत सिर्फ वे लोग कर सकते हैं, जिनके पास थॉट भी हो और फोरसाइटेडनेस भी, जिनके पास तदब्बुर भी हो और तशक्कुर भी, जिनके पास विचार भी हो और मुस्तकबिल और भविष्य की आंख से वे आने वाले भविष्य को देख सकें, वही देश को आगे ले जा सकते हैं, वही क़ौम को आगे ले जा सकते हैं। मैं बिला शुबह कहूंगा कि आज के वजीरे-आज़म डा. मनमोहन सिंह जी के पास फोरसाइटेडनेस भी है और थॉट भी है। इस डॉक्युमेंट के पढ़ने के बाद कोई भी इस नतीजे पर पहुंचेगा कि उनके पास तदब्बुर है, उनके पास वह थॉट है कि हम देश को कैसे आगे ले जा सकते हैं, कैसे तरक्की कर सकते हैं, कैसे आने वाले कल में जो चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला कर सकते हैं।

सर, जब हमारी सरकार आई थी और इकतेदार संभाला था, तो उस वक्त इकोनॉमिक ग्रोथ 1999 से लेकर 2003 तक 5 परसेंट पर एनम थी। जो पिछली सरकार थी, उसकी इकोनॉमिक ग्रोथ लगातार 5 साल तक 5 परसेंट रही। मैं यह सर्वे के हिसाब से बता रहा हूं। लेकिन इस सरकार की, हमारी सरकार की, डा॰ मनमोहन सिंह जी की सरकार की 2004-05 के अंदर इकॉनोमिक ग्रोथ 7.5 परसेंट रही। यह एक रेकार्ड है। 2005-06 के अन्दर यह उम्मीद की जाती है कि इकोनॉमिक ग्रोथ 8 परसेंट हो जाएगी। सर, इंडस्ट्रियल ग्रोथ 7 परसेंट और सिर्फ 9 महीने के बाद, मैं आज की बात नहीं कर रहा, सरकार बनने के सिर्फ 9 महीने के बाद जब पिछली बार प्रेसिडेंट्स एड्रेस हुआ था, उस वक्त तक हमारा एक्सपोर्ट 25 परसेंट बढ़ गया था। सर, जब सरकार आई थी, तब शेयर मार्केट की हालत हम सबको मालूम थी। किस कस्मपुरसी के आलम से देश गुज़र रहा था। लेकिन अभी दो साल का वक्त भी पूरा नहीं हुआ है कि आज स्टॉक मार्केट ने नई ऊँचाइयाँ छुईं। यह देश की इकोनॉमी की एक स्टैबिलिटी की निशानी है। यह गवर्नमेंट की कंपीटेंस की निशानी है।

अभी डा॰ कर्ण सिंह जी प्रेसिडेंट्स एड्रेस में से कोट करके गए कि गवर्नेंस का क्या मतलब है, मैं उसे दोहराना नहीं चाहता। लेकिन यह इस बात की मिसाल है कि देश को कैसे गवर्न किया जाता है, देश के मसाइल को कैसे हल किया जाता है। सरकार आई, उसे सुनामी जैसी मुसीबत का सामना करना पड़ा, कश्मीर जैसी अर्थक्वेक की बड़ी परेशानी का सरकार को सामना करना पड़ा, लेकिन इन तमाम परेशानियों के साथ-साथ मुकाबला करते हुए देश ने आगे बढ़ने का काम किया है। देश की इकोनॉमी दिन-ब-दिन मजबूत हुई। सर, हमने सुनामी का मुकाबला भी किया और अर्थक्वेक के अन्दर न सिर्फ अपने आपको संभालने का काम किया, बल्कि हमने अपने पड़ोसी को मदद देने का काम भी किया। हम ने पड़ोसी को फायनेंसियल और हर तरह की मदद, जो हम दे सकते थे, देने का काम किया। सर, मैं कहना चाहूंगा कि सरकार का मतलब यही होता है कि कैसे गवर्न किया जाए, सरकार का मतलब यही होता है कि इकोनॉमी को कैसे मजबूत किया जाए, सरकार का मतलब यही होता है कि गरीबों के मसाइल को कैसे हल किया जाए और इस सरकार ने आहिस्ता-आहिस्ता वह सब करने का काम किया है।

सर, हमें याद है कि एक टेलिफोन कनेक्शन के लिए 10-10 साल इंतजार करना पड़ता था, हमें याद है कि पिछली सरकार के अंदर, मैं लोक सभा का मेंबर था, कितने लोग आते थे गैस कनेक्शन लेने के लिए – लाइन लगी रहती थी, झगड़े होते थे। अब यह अलहिदा बात है कि आज पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ रही है, लेकिन इस के बावजूद आज न टेलिफोन के लिए कोई लाइन लगती है, न गैस पर लाइन लगती है, न स्कूटर के लिए लाइन लगती है, न कार के लिए लाइन लगती है। सर, जिस को जिस चीज की जरूरत होती है, वह आसानी से मिल जाती है। यह एक पोजीटिव बात है और हम सब को इसे एप्रीसिएट करना चाहिए चाहे वे अपोजीशन के लोग हों या दूसरे लोग हों। अगर सरकार के एचीवमेंट्स को एप्रिसिएट नहीं किया जाएगा तो यह डेमाक्रेसी के लिए कोई बहुत अच्छी बात नहीं होगी।

श्री बलबीर के॰ पुंज (उत्तर प्रदेश): वह एन॰डी॰ए॰ सरकार का एचीवमेंट था।

श्री राशिद अल्वी: वह आप कहिए जब खड़े होकर बोलिएगा।

सर, सरकार ने भारत निर्माण का एक बड़ा प्रोग्राम दिया है और यह एक ऐसा प्रोग्राम है कि अगर सरकार इस में कामयाब होती है तो दुनिया के सामने हिन्दुस्तान का एक नया चेहरा आएगा। सर, देश में अभी एक लाख गांव हैं जहां बिजली नहीं है। आप की सरकार 6 साल रही, देश में अभी तक एक लाख गांव हैं जहां लोगों ने बिजली का बल्ब नहीं देखा है। इस सरकार ने इस भारत निर्माण के प्रोग्राम के अंदर कहा है कि हम एक लाख गांवों को बिजली से जोड़ने का काम करेंगे।

सर, गांधी जी ने कहा था कि अगर डेमोक्रेसी का अंदाजा करना हो, अगर अंदाजा करना हो कि डेमोक्रेसी ठीक चल रही है या नहीं चल रही है, तो आप सड़क पर चलने वाले आदमी से, खेत में काम करने वाले किसान और मजदूर से पूछिए कि क्या तेरी जिंदगी के अंदर कोई फर्क आया है? अगर वह आदमी कहता है कि मेरी जिंदगी में फर्क आया है, अगर वह मजदूर और किसान कह दे कि मेरी जिंदगी में तब्दीली आयी है तो समझ लीजिए कि सरकार ठीक काम कर रही है, समझ लीजिए कि डेमोक्रेसी ठीक काम कर रही है। सर, प्रेसीडेंट एड्रेस के अंदर भारत निर्माण प्रोग्राम में हर गांव में इलेक्ट्रिसिटी पहुंचाने की बात कही गयी है और यह वायदा किया गया है कि 2009 तक इस कार्यक्रम को पूरा कर लिया जाएगा। भारत निर्माण के लिए 1,74,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं जिस के अंदर पीने के पानी पहुंचाने का काम भी है। दोस्तो, मैं बताना चाहूंगा कि हमारे यहां 55 हजार गांव ऐसे हैं जिन में पानी का स्रोत नहीं है और करीब 3 लाख गांव ऐसे हैं जिन्हें अभी तक पीने के पानी की स्कीम से नहीं जोड़ा जा सका है। सर, देश में साढ़े 6 लाख में से 3 लाख गांव ऐसे हैं जहां हम पीने का पानी नहीं दे पाए हैं। सरकार ने तय किया है कि 25 सालों में 50 हजार करोड़ रुपए पीने के पानी के लिए खर्च करेंगे। यह एक बड़ा काम है। इस के साथ-साथ हर गांव में टेलिफोन की सुविधा होगी और सरकार गरीब लोगों के लिए, गांव के लोगों के लिए डेढ़ करोड़ घरों की जरूरत है, इस जरूरत में से सरकार ने अगले 4 सालों के अंदर, जब तक सरकार रहेगी, 60 लाख घर बनाने की बात कही है। करीब-करीब 50 फीसदी लोगों की जरूरत पूरी करने की बात की। इसके साथ-साथ एक करोड़ हेक्टेयर एडिशनल इरिगेशन कैपेसिटी की भी बात हुई है।

इस मुल्क के अन्दर सड़कों का जो निज़ाम है, उसके लिए डा॰ कर्ण सिंह जी ने बहुत तफ़्सील से कहा है, लेकिन मैं सिर्फ data देना चाहूंगा। पूरे मुल्क के अन्दर अभी तक जो करीब-करीब 65,559 किलोमीटर सड़कें हैं, उसके अन्दर 5900 किलोमीटर फोर लेन, 7300 किलोमीटर सड़क 2009 तक पूरी करने की बात है। सरकार ने 2012 तक सड़कों पर 1,75,000 करोड़ रुपए खर्च करने के लिए तय किया है, जिसमें से 10,000 किलोमीटर चार लेन, 6500 किलोमीटर 6 लेन, 20,000 किलोमीटर 2 लेन और इन्हीं कामों के लिए करीब-करीब 25,000 करोड़ रुपए खर्च करने की बात हुई है। इसके साथ-साथ जवाहर लाल नेहरू नेशनल अरबन रिन्युअल मिशन के लिए 63 सिटीज़ को जोड़ा गया है। इसके बारे में डा॰ कर्ण सिंह जी थोड़ा बोल कर गए हैं, इसलिए मैं उस पर ज्यादा बोलना नहीं चाहता हूं।

सर, जहां तक एजुकेशन की बात है, तो प्रेसिडेंशियल एड्रेस के अन्दर 12 करोड़ बच्चों को मिड डे मील देने की बात कही गई है। सर, हमारी बदकिस्मती है कि हमारे देश के अन्दर जो बच्चे स्कूल में जाने चाहिएं, वे स्कूल में न जा के कहीं काम करते हैं। दूसरे देशों, जैसे साऊथ कोरिया और दूसरे मुल्कों के अन्दर हन्ड्रेड परसेंट बच्चे स्कूलों के अन्दर जाते हैं। इसके बावजूद मैं इस

सरकार को मुबारकबाद देता हूं कि एजुकेशन बजट में पिछले साल भी 19 हजार करोड़ रुपए दिए गए, जो करीब-करीब 90 परसेंट इन्क्रीज़ है। इससे एहसास होता है कि हमारी सरकार को देश की एजुकेशन में कितनी दिलचस्पी है ...(व्यवधान)... आप ताली बजाने का काम करें। ...(व्यवधान)... 90 परसेंट बजट बढ़ाने का काम किया।

सर, जहां तक नेशनल रूरल इम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट की बात है, तो मैं कहना चाहूंगा कि जब चुनाव हुआ था, तो इलेक्शन से पहले बी॰जे॰पी॰ ने कहा था कि हम एक साल में एक करोड़ जॉब्स देंगे। देश के साथ एक करोड़ जॉब्स देने का वादा किया था। मुझे याद है, मैं कोट करना चाहूंगा सर, कि जब दूसरे हाउस के अन्दर हमारी लीडर श्रीमती सोनिया गांधी ने उस वक्त के प्रधान मंत्री, श्री अटल जी से पूछा – "Sir, when we raise the question of berozagari" मैं इसे कोट न करके, सिर्फ इतना बताऊँ कि सोनिया जी ने पूछा कि सर, आपकी सरकार ने तो वादा किया था कि इस देश के बेरोजगार नौजवानों का एक करोड़ जॉब आप हर साल देंगे। क्यों, कहां गए वे एक करोड़ जॉब्स? आपने एक करोड़ जॉब देने का काम क्यों नहीं किया? गालिबन 3 मार्च, 2003 को उस वक्त के प्रधान मंत्री, श्री अटल जी ने जवाब दिया – "Sir, when it was said that we will try to give employment to one crore people that did not mean that the Government would call one crore people and offer them Jobs." हमारी बात का यह मतलब बिल्कुल नहीं था कि हम एक करोड़ बेरोज़गार नौजवानों को बुलाएँगे और उनको जॉब देने का काम करेंगे। Have you taken it like this? आपने अपने दिल में यह गलतफहमी किस तरह पैदा कर ली? इमने तो इस तरीके की बात इस तरीके से नहीं कही थी? It was said in the context of accelerated economic development. यह तो इकॉनॉमिक डेवलेपमेंट करने की बात हमने कही थी कि अगर इस देश की इकॉनामी बढ़ेगी तो उसके अन्दर रोज़गार भी बढ़ेगा और जब रोजगार बढ़ेगा, तो एक करोड़ लोगों को रोज़गार देने का काम किया जाएगा। यह पार्लियामेंट की प्रोसीडिंग्स है। आपने पिछली सरकार में जो किया, वह मैं आपको बता रहा हूं। लेकिन हमारी सरकार ने, इस सरकार ने रूरल इम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट दिया। यह सपने में भी नही सोचा जा सकता था कि सौ करोड़ के इस मुल्क में ऐसा मुमकिन है कि बेरोज़गारी का भत्ता दे दिया जाए, ऐसा मुमकिन है कि या तो रोजगार मिले या बेरोजगारी का भत्ता मिले। जब मैं पढ़ता था तो सोचता था कि यूरोप के कन्ट्रीज़, इंग्लैंड़ या अमेरिका किस तरीके से बेरोजगारी भत्ता देते हैं। आज देश के हालात ...(व्यवधान)... इस तरीके से नहीं, यू॰पी॰ की हालत कहूंगा तो बहुत मुश्किल होगी। आप बैठिए। आज इस तरीके का कानून बनाना, जो कभी सपने में नहीं सोचा जा सकता था, एक बहुत बड़ा काम है, एक हिम्मत का काम है और यकीनन इससे देश की स्थिति बदलेगी। इसके साथ-साथ ''राइट टू इंफोरमेशन'', यह इससे भी एक कदम आगे की बात है कि सरकार की ट्रांसपेरेन्सी रहनी चाहिए।

पिछली सरकारों की कितनी ट्रांसपेरेन्सी थी, उस पर मैं ज्यादा बात नहीं करना चाहता, लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि पिछली सरकारों के बारे में कंपट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल की रिपोर्ट मेरे पास मौजूद है, जिसके अंदर कहा गया है कि जो "शाइनिंग इंडिया" की बात की गई थी, उसमें 53.23 करोड़ बगैर परमीशन के खर्च किया गया और इस पर उनके द्वारा एतराज किया गया। यह रिपोर्ट मेरे पास मौजूद है। इसके बाद जिस तरीके से डिसइंवेस्टमेंट किया गया, जिस तरीके से मुम्बई के होटल को बेचा गया, उसके एतराज भी इस रिपोर्ट के अंदर मौजूद हैं।

श्री बलबीर के० पुंज: वोल्कर कमेटी का क्या हुआ?

श्री राशिद अल्वी: वह आपका नंबर आए, तब बोलिएगा, उसका जवाब मिलेगा। इस सरकार ने राइट टू इंफोरमेशन का किया, जिससे देश के हर काम में ट्रांसपेरेन्सी हो।

उपसभापति जी, जिस जमाने में बादशाह और राजा हुआ करते थे। मुझे याद आता है इतिहास का एक पन्ना, शेरशाह सूरी एक बहुत कांपीटेंट बादशाह थे। वह हमेशा साल में एक बार अपने सिस्टम को देखता था कि क्या सही है और क्या गलत। शेरशाह सूरी ने एक बार एक औरत के सिर पर हीरे और जवाहरात भर के उसे मुल्क के इस कोने से उस कोने तक भेजने का काम किया और पूरे मुल्क के अंदर प्रोपोगेट करा दिया कि एक औरत इस तरीके से जाएगी, जिसके पास बड़ी दौलत होगी और फिर उसके पीछे अपने जासूस भेज दिए सिर्फ यह देखने के लिए, कि लॉ एंड आर्डर की स्थिति कैसी है, ये देखने के लिए कि चोरी होती है या नहीं होती, यह देखने के लिए कि वह औरत जिंदा जाती है या नहीं जाती। जाहिर है, उस जमाने में इस तरीके के वसायत नहीं थे, लेकिन इतिहास के अंदर आता है कि वह औरत कामयाबी के साथ गई। "राइट टू इंफोरमेशन" इसी तरीके का इतिहास के पन्ने से लिया गया एक सबक है, जो इस सरकार ने इंप्लीमेंट करने का काम किया है।

महोदय, जो सबसे बड़ी बात इसमें कही गई है, वह रिफॉर्म की बात है, जो एक बड़ी हिम्मत की बात है। इसमें इलेक्टोरल सिस्टम में रिफॉर्म की बात, जुडिशियल सिस्टम में रिफॉर्म की बात एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में रिफॉर्म की बात है। मैं बड़े अदब के साथ पूरे हाउस में यह कहना चाहता हूं कि आज देश के अंदर इनकी इन्तहाई जरूरत है। आज 60 साल की आजादी के बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जुडिशियल सिस्टम जिस तरीके का है, करीब-करीब मेरे पास डाटा मौजूद है, दो करोड़ से ज्यादा केसेस सब-ऑर्डिनेट कोर्ट्स और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स के अंदर पेंडिंग हैं और बहुत सारे केसेस ऐसे भी हैं, जो दस साल से ज्यादा पेंडिंग हैं। इस सिस्टम को सरकार किस तरीके से बदलेगी, किस तरीके की उसकी प्लानिंग है, यह तो मैं नहीं कह सकता, लेकिन सरकार को मुबारकवाद जरूर देता हूं कि जुडिशियल रिफॉर्म के लिए संजीदा और सीरियस है। इस मुल्क में जुडिशियल रिफॉर्म होना इन्तहाई जरूरी है। अभी एक केस सामने आया

कि उत्तर प्रदेश में 35 साल से वह आदमी जेल के अंदर है। उसकी चार्ज-शीट फाइल नहीं हुई और चार्ज-शीट फाइल न होने के बावजूद वह 35 साल से जेल के अंदर है। तो इस सिस्टम को हमें जरूर बदलना होगा, जुडिशियरी की एकाउंटिबिल्टी जरूर होनी होगी। एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म के लिए भी कहना चाहूंगा कि प्रेसीडेंट साहब के एड्रेस के अंदर जो कहा गया है कि पूरी गवर्नमेंट मशीनरी एट-ऑल लेवल उसमें रिफॉर्म करने की बात है। जैसा कि मैं जानता हूं, स्टेंडिंग कमेटी इस पर गौर कर रही है। इस सिस्टम के बारे में सरकार से मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि अगर कोई कमीशन बनता है, तो उस कमीशन की मुद्दत तय होनी चाहिए और उसकी रिकमंडेशन्स पर अमल होना चाहिए। अभी तक होता यह रहा है कि जो कमीशन बनता है, वह रिफॉर्म के लिए हिंदुस्तान में घूमने के बजाय इंग्लैंड और अमरीका जाने का काम करता है और जब रिपोर्ट देता है, तो यह बताने का काम करता है कि इंग्लैंड के अंदर क्या सिस्टम है और अमरीका के अंदर क्या सिस्टम है। सर, इंग्लैंड का सिस्टम तो इस देश के अंदर 60 साल से चल ही रहा है। पुलिस का सिस्टम, ब्यूरोक्रेसी का सिस्टम। एक बार तीन-चार साल पहले जब आडवानी साहब होम मिनिस्टर थे तब मैंने उनसे पूछा था, लोक सभा में कि आप तो बड़े विद्वान आदमी हैं, मैं बड़े अदब से आपसे पूछना चाहता हूं कि इस देश के अंदर डिस्ट्रिक्ट और सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस जिन मकानों के अंदर रहते हैं, वे 25-25 एकड़ में बने हुए हैं, लेकिन वही कलेक्टर और एस॰पी॰ प्रोमोट होकर जब ज्वाइंट सैक्रेटरी बनता है, तो उसे 6 महीने टू बैड रूम अपार्टमेंट के लिए इंतजार करना पड़ता है, क्या वजह है? सीनियर हो जाएगा तो मकान नहीं मिलेगा, जूनियर रहेगा तो उसे 25-25 एकड़ का मकान मिलेगा। Have you given a serious thought to it? क्योंकि अंग्रेज चाहता था कि इस देश के लोग गुलाम रहें, मैन पावर की कमी थी, इसलिए कलैक्टर और एस॰पी॰ की हैसियत हर जिले में इस तरीके की बनाई गई ताकि वे आसानी के साथ अंग्रेजों के गुलाम बने रहें। आज भी कोई गरीब आदमी, कोई रिक्शा वाला, कलेक्टर और एस॰पी॰ के मकान के बराबर जाने की हिम्मत नहीं करता, बात करने की बात तो बहुत दूर है। इस सिस्टम को बदलना होगा और इस सिस्टम को अगर हम नहीं बदलेंगे तो सही डेमोक्रेसी हमारे पास नहीं होगी।

इसके साथ-साथ इलेक्टोरल सिस्टम के बारे में, मैं जरूर कहना चाहूंगा। हमारा सिस्टम, हमारी डेमोक्रेसी दुनिया की मजबूतरीन डेमोक्रेसी है। मुझे यह बात कहते हुए फख्र है कि हिन्दुस्तान के अंदर जो डेमोक्रेसी है, यह स्मूथ ट्रांसफर ऑफ पावर है। आज 100 करोड़ के इस मुल्क में हमारा प्रधानमंत्री भी माइनॉरिटी से मुताल्लिक है और प्रेज़िडेंट आफ इंडिया भी माइनॉरिटी से मुताल्लिक है और 100 करोड़ जनता का उन पर पूरा भरोसा है। लेकिन इसके साथ-साथ मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि इस सिस्टम में बहुत बदलाव की जरूरत है। आज पॉलिटिक्स का जो क्रिमन्लाइजेशन

होता जा रहा है, मैं किसी का, किसी पार्टी का नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन आज पॉलिटिकल आदमी की जनता के बीच में जितनी कम इज्जत है, इतनी पहले कभी कम नहीं हुई। आज पूरे मुल्क के अंदर स्टिंग ऑपरेशंस हो रहे हैं, तरह-तरह के स्टिंग ऑपरेशंस दिखाए जा रहे हैं, कुछ लोगों को पार्लियामेंट से निकाला भी गया, हालांकि यह अलेहदा बात है कि कुछ राजनीतिक दलों को बड़ी तकलीफ हुई कि क्यों निकाला गया, हाउस के बाहर उन्होंने डिफेंस करने का काम किया, लेकिन यह जरूर कहूंगा कि इस सिस्टम के अंदर जो क्रिमन्लाइजेशन हो रहा है, उसको रोकना पड़ेगा। अभी परसों-तरसों टी॰वी॰ पर मैंने देखा कि उत्तर प्रदेश का कोई मंत्री स्मग्लिंग की बात कर रहा है। सर, इन्हीं बातों से पूरे सिस्टम की बेइज्जती होती है, हमारा सर शर्म से झुक जाता है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इस सिस्टम को हमें कहीं न कहीं रिफार्म करना पड़ेगा और मैं जानता हूं इस सिस्टम की बुराई-कास्टिज्म और कम्युनलिज्म। जब वोटर वोट देने जाता है तो वह यह सोचता है कि यह मेरी बिरादरी का है या नहीं, यह मेरे धर्म का है या नहीं। अगर देश की जनता ईमानदारी से तय कर ले कि हमें अच्छे और ईमानदार आदमी को जिताना है, तो गलत लोग जीतकर नहीं आ सकते। लेकिन सिस्टम क्या करे। क्रिमनल लोग एक बार नहीं जीतते, वे दूसरी बार, तीसरी बार भी जीतकर चले आते हैं। मैं राजनीतिक दलों से यह भी कहूंगा कि वे कास्टिज्म और कम्युनलिज्म की पॉलिटिक्स छोड़ें, फिरकापरस्ती की पॉलिटिक्स छोड़ें और देश के हित में सोचने का काम करें।

सर, इसके बाद मैं प्रेज़िडेंट एडरेस के एक ऐसे पन्ने को उठाने का काम कर रहा हूं, जो बहुत इम्पोर्टेंट है और वह देश की फॉरेन पॉलिसी का है। सर, देश की फॉरेन पॉलिसी पर बहुत लम्बी बात मैं इस वक्त नहीं करुंगा, दो-तीन दिन बाद जब ईरान का मुद्दा आएगा, तब करूंगा। लेकिन फॉरेन पॉलिसी पर हमेशा से, पिछले लगभग 60 साल से, यह दस्तूर रहा है कि कभी इस पर कंट्रोवर्सी नहीं होती। अगर थोड़ी-बहुत कंट्रोवर्सी होती भी है, तो भी कंसेंसस एक होती है। देश की फॉरेन पॉलिसी की बुनियादी दो ही चीजें होती हैं—एक देश की इकॉनामी और दूसरी देश की सिक्युरिटी, इसके अलावा तीसरी कोई बात फॉरेन पॉलिसी को तय करने से पहले नहीं होती। देश की सिक्युरिटी और देश की इकॉनमी पर देश के लोग एक राय रखते हैं, इसमें कहीं कोई शुबहा नहीं है। हम अपने करीबी मुल्कों से, अपने नेबर्स से हमेशा दोस्ती करना चाहते रहे हैं। पाकिस्तान के साथ हमने मुजफ्फराबाद से बस चलाने का काम किया। ट्रेन चलाने का काम हमने अभी-अभी

3.00 P.M.

शुरू किया है। दोस्ती करने की हम जितनी कोशिश कर सकते हैं, हम उतनी कोशिश कर रहे हैं और पूरी तरह से सरकार यह चाहती है कि नेबरिंग कंट्रीज के साथ हमारे रिश्ते ठीक हों।

लेकिन, सर, मैं इसके साथ ही साथ यह भी कहना चाहूंगा कि सरकार को विजिलेंट भी रहना पड़ेगा। जो हमारे क़रीबी मुल्क हैं, उन्हीं से ज्यादा खतरा होता है इसलिए इस पर भी हमें विजिलेंट रहना पड़ेगा। हमारी फॉरेन पॉलिसी इस तरह की नहीं है कि हमारी फौजें छः महीने तक सरहद पर खड़ी रहें और छः महीने के बाद उनसे यह कह दिया जाए कि वापस चले जाओ। मुझे आज भी उस वक्त की याद है, जब एक फौजी ने मुझसे कहा कि राजस्थान की तपती हुई धूप के अन्दर, जब सूरज अपनी पूरी तेज़ी पर होता है, वे इस तलाश में रहते थे कि कहीं पर कोई पेड़ नजर आ जाए, जिसके नीचे वे अपना सिर छुपा सकें। चूंकि उस समय यह हुक्म हो गया था कि सरहद पर हमला किया जा सकता है, लेकिन छः महीने के बाद उन्हें बैरकों के अन्दर वापस भेज दिया गया, जिसका कोई भी नतीजा नहीं निकला।

सर, मैंने शुरू में यह बात कही थी कि मौलाना आज़ाद ने कहा था कि मुल्क़ की क़यादत उन्हीं लोगों के हाथों में देनी चाहिए जिनके पास फार साइटेडनेस भी हो और थॉट भी हो। जब तक आपके पास मुस्तकबिल की आंख नहीं होगी, जब तक आपके पास भविष्य की आंख नहीं होगी, जिससे आप यह भी देख सकें कि आपके उठाए हुए इस क़दम का क्या नतीजा निकलेगा, तब तक आप सही कदम नहीं उठा सकते।

सर, बहुत जोर-शोर से जो अभी बात चल रही है कि हमने जो ईरान के मामले में वोट देने का काम किया है, उस पर अभी मैं तफ़सील से बात नहीं करना चाहता हूं, जब इस पर अलाहिदा से बहस होगी, तब ही मैं इस पर बात करूंगा। मैं इतना जरूर कहूंगा कि आज अमरीका के साथ जो हमारे मुल्क के रिश्ते हैं, जो दोस्ती है, इससे पहले कभी-भी नहीं रही है। यह कहना भी ग़लत है कि हमारी सरकार अमरीका के दबाव में काम कर रही है। अगर हमारी सरकार अमरीका के दबाव में काम करती और सेल्फिश होती, उससे पहले तो वह हमारे लेफ्ट के भाइयों के दबाव में काम कर सकती थी। अगर हमें सिर्फ सरकार चलाने का शौक होता या सिर्फ सेल्फिश बनने का शौक होता तब हम लेफ्ट के लोगों को इस बात का मौका ही नहीं देते कि वे अमरीका के मामले में हमारे साथ डिसएग्री करें। आज हमारे लेफ्टीज़ भाइयों को इस इश्यू पर हमारे साथ थोड़ी-बहुत परेशानी है और अगर हम सिर्फ सरकार के मामले पर अपने लेफ्टीज़ भाइयों को थोड़ा-बहुत नाराज़ कर सकते हैं तो यह सरकार अमरीका के दबाव में कभी भी काम नहीं कर सकती।

मैं यह बताना चाहूंगा कि 3 मार्च, 2003 को तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लोक सभा के अन्दर कहा था, "I was a supporter of the policy of Non-Alignment even when I was in the Opposition. Now, no doubt, the world order is changing. दुनिया में बदलाव आ रहे हैं, मैं नॉन एलाइनमेंट का सपोर्टर उस वक्त भी था जब मैं अपोज़ीशन में था, लेकिन आज दुनिया बदल रही है, दुनिया के मुल्कों की पॉलिसी

बदल रही है।'' उन्होंने आगे कहा, ''Militarily, the world is not divided into two groups. अब कोई दो ग्रुप ही नहीं रह गए हैं, एक ही ग्रुप है और उसका नाम है अमरीका।'' यह बात मैं नहीं कह रहा हूं, यह बात श्री अटल जी ने, जब वे प्रधान मंत्री थे, तब कही थी और उन्होंने साफ कहा था कि इस मामले में हमें सोचना पड़ेगा।

सर, जब ईराक के मामले में बहस होती थी तब सरकार तज़ब्जुब में मुब्तला थी, ईराक के अन्दर अपने ट्रूप्स भेजना चाहती थी। कैबिनेट के अन्दर कितनी बार यह बहस हुई थी कि वहां पर आर्मी भेजी जाए। मुझे अच्छी तरह से याद है कि सरकार ने अमरीका से कहा था कि यूनाइटेड नेशन्स के रेज़ोल्यूशन को चेंज किया जाए और यूनाइटेड नेशन्स के रेज़ोल्यूशन को चेंज किया भी गया।

सर, सुबह शाम यही बात रहती थी कि हमारी ट्रूप्स ईराक जा रही हैं या नहीं जा रही है। उस समय श्री त्यागी, जो ईराक के अन्दर हमारे एम्बैसेडर थे, उन्हें ईराक भेजा गया और कहा गया कि जल्दी से जाइए और पूरी रिपोर्ट लेकर आइए। अमेरिका से कहा गया कि हमारी फौज इराक के उन हिस्सों पर लगनी चाहिए जहां उन्हें ज्यादा खतरा न हो। अमेरिका ने यह भी एश्योरेंस दिया कि इराक की उन जगहों पर आपकी फौज को लगाने का काम करेंगे। उस वक्त जुलाई का महीना था, आडवाणी साहब अमेरिका गए और यहां कहा गया था कि जब हम अमेरिका से वापिस आएंगे तब हम फैसला करेंगे। आपका यह एकदम फैसला नहीं था कि हम ट्रूप को नहीं भेजें। आप डांवाडोल थे। उस वकत वाजपेयी जी ने कहा था, मेरे पास वह भी कोटेशन है कि हमारी सरकार अमेरिका के दबाव में काम नहीं कर रही है। आपने भी कही थी यह बात, जब आपके ऊपर इल्जाम लगा था कि आप अमेरिका के दबाव में काम कर रहे है। आपसे कहा गया था कि इराक अपनी ट्रूप भेजने का काम आप करे। तब प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि नहीं, हम दबाव के अंदर काम नहीं कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि फॉरेन पालिसी के ऊपर ज्यादा इतलाक नहीं होना चाहिए। जो फैसला सरकार कर रही है देश के हितों को आगे रखकर कर रही है। सर, बहुत अदब से कहना चाहता हूं कि यह दुनिया बड़ी जालिम दुनिया है। यह कमजोर लोगों की इज्जत नहीं करती, यह सिर्फ ताकत की जुबान जानती है। इस दुनिया के अंदर ताकत के अलावा कोई दूसरी जुबान नहीं है।

यह फैसला है खुदा का कि जो इंसान कमजोर होगा मौत उसका मुकद्दर बन जाएगी, जो मुल्क कमजोर होगा मौत उसका मुकद्दर बन जाएगी। सर, इस मुद्दे पर मैं लम्बी बात नहीं करना चाहता हूं। लेकिन कर्नल गद्दाफी जैसा आदमी एक जमाने में कहा करता था कि युनाइटेड नेशन का हैडक्वार्टर त्रिपोली के अंदर बनना चाहिए। लेकिन आज वह भी अमेरिका के साथ खड़ा है। आज यह देश के लिए अपॉर्च्युनिटी है अपने आपको मजबूत करने के लिए, यह एक अपॉर्च्युनिटी है

अपने आपको ताकतवर बनाने के लिए और हमारी जो भी फॉरेन पालिसी होगी वह इसी बात को मद्देनजर रखकर होगी कि हमारा मुल्क कैसे तरक्की करे।

सर, इंटरनल सिक्योरिटी का जहां तक ताल्लुक है, मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि क्रॉस बॉर्डर टेरोरिज्म के अंदर पहले के मुकाबले में कमी आई है। नेक्सलाइड्स से यह देश जूझ रहा है। लेकिन एनडीए की सरकार आई थी तो 130 जिलों में यह बीमारी फैली हुई थी और जब एनडीए की सरकार गई तो 130 से बढ़कर 170 जिलों में हो गई। लेकिन यह सरकार कोशिश कर रही है कि इस बीमारी से भी मुकाबला किया जाए। पिछले बीस महीने के अंदर वॉयलेंस में कमी आई है, कश्मीर के अंदर जो वाकयात हुए उनके अंदर कमी आई है। ऐसा नहीं है कि टेररिस्ट का कोई वाकया इस देश के अंदर नहीं हुआ। लेकिन हां, यह भी जरूर है कि पार्लियामेंट में जैसा हमला हुआ था इस तरीके का हमारी सरकार के अंदर नहीं हुआ। मैं कोई क्रिटिसाइज नहीं करना चाहता लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि वे लोग जिनको पकड़ा गया था, पार्लियामेंट पर हमला करने पर वे लोग भी छूटकर चले गए, उनको भी अदालत ने छोड़ दिया। मुझे याद है उस जमाने में जब इंटरनल सिक्योरिटी की बात होती थी, हम लोग पार्लियामेंट के अंदर शोर मचाने का काम करते थे कि रेलगाड़ी पटरी से उतर गई है, कश्मीर की असेंबली पर बम गिरा है, इतने लोग मारे गए,तो उस वक्त के होम मिनिस्टर आडवाणी साहब पार्लियामेंट में आते थे और कहते थे कि इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं है, आईएसआई के एजेंट आए थे बम डालकर चले गए, इंवेस्टिगेशन कर रहे हैं। एक बार मैंने कहा कि आडवाणी साहब, कश्मीर पर बम पड़ता है तो आईएसआई डालती हे, बस के अंदर बम फटता है तब आईएसआई करती है, रेलगाड़ी पटरी से उतरती है तब आईएसआई करती है, तो मैंने कहा कि आडवाणी साहब, मुझे तो ऐसा लगता है कि उड़ीसा के अंदर जो समुद्र में तूफान आया था उस तूफान के पीछे भी कहीं न कहीं आईएसआई का हाथ है। अगर आईएसआई ही यह सारे काम कर रही है, तो इतनी जिम्मेदारी क्यों उसके कंधों पर डाल रखी है कि पाकिस्तान भी वही चलाने का काम कर रही है और हिन्दुस्तान को भी वहीं चलाने का काम कर रही है। सर, इंटरनल सेक्योरिटी के मामले में मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि इन तमाम लोगों से लड़ाई लड़ी जाये। टेरोरिज्म से लड़ाई लड़ी जा सकती है, प्राइम मिनिस्टर ने बड़ी सख्ती के साथ कहा है कि हम बात करने के लिए भी तैयार हैं और उनको निपटाने के लिए भी तैयार हैं। लेकिन इंटरनल सेक्योरिटी का खतरा उन लोगों से ज्यादा है जो इस देश के अंदर मौजूद हैं, जो इस देश को तोड़ देना चाहते हैं, जो इस देश के अंदर कम्युनल राजनीति करना चाहते हैं। तो लोग जुबान, मुंह खोलते हैं, तो उनकी जुबान से अल्फाज़ नहीं निकलते, जहर निकालने का काम करते हैं। उनकी जुबान से निकले हुए तीर, दुश्मनों की तलवार से ज्यादा बड़ा घाव हमारे दिलों पर करते हैं। जंगल में घूमने वाला अजदारा भी शर्मिन्दा हो जाता है कि यह इन्सान जिसकी जुबान से जहर निकल रहा है, इतना जहर मेरे पास नहीं है, इतना जहर इसके पास कहां से आया? वे लोग देश के

लिए ज्यादा बड़ा खतरा हैं। हमें उनको देखना पड़ेगा, मैं कहना चाहूंगा कि यह कम्युनल पालिटिक्स अपने फायदे के लिए, चाहे वह कोई आदमी है, चाहे वह कोई राजनीतिक दल है, जो करते हैं, वे देश के ज्यादा बड़े दुश्मन हैं और उनसे इंटरनल सिक्योरिटी को ज्यादा बड़ा खतरा है।

सर, मैं सरकार की मुबारकबाद देता हूं कि हिन्दुस्तान की अक्लियतों के लिए उसने प्रेजीडेंट एड्रेस के अंदर जिक्र किया है और उसमें कहा गया है कि माइनारिटी कमीशन को कांस्टीट्यूशनल हैसियत दी जायेगी। यह एक बहुत पुराना मुतालबा है जिसको इस सरकार ने पूरा करने का काम किया है। कमीशन ऑफ माइनारिटीज, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, जिसमें माइनारिटीज को एजुकेशन का फायदा पहुंचे, मिनिस्ट्री ऑफ माइनारिटीज अफेयर्स एक बड़ा सा, जो अलग से एक बड़ी मिनिस्ट्री बनाने का काम किया है। जिसका काम है कि इस देश की माइनारिटीज को परेशानियों को, उनके मसायल को अलेहदा से देखने का काम करें।

सर, मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं कि वह जो फिफ्टीन पांइट प्रोग्राम बनाने की तैयारी कर रही है, जिसके अंदर सोशल डेवलेपमेंट और मदरसों को माडर्नाइज करना, ये तमाम बातें उसके अंदर हैं। लेकिन इसके साथ-साथ जो दो बातें कही गई हैं-एक तो कम्युनल रायट्स को रोकने की बात और दूसरी राजेन्द्र सच्चर कमेटी जो यह बताने का काम करेगी कि आज इस देश की अक्लियतें किस हालात से गुजर रही हैं। सर, मुझे बड़ा अफसोस हुआ उस दिन के राजेन्द्र सच्चर कमेटी के मामले पर, यहां पर हमारे दोस्तों ने बहुत हंगामा किया। मैं तो कहूंगा कि यह बात उनको बहुत नागवार लगी है। वह बात उनको बहुत नागवार गुजरी है, वह बात जिसका सारे फसाने में कहीं जिक्र नहीं है। ऐसी बात जिसका—कमीशन तो आपकी सरकार ने भी बहुत सारे बनाये। कोई एक कमीशन नहीं बना, कमीशन को यह नहीं कहा जाता है कि आर्मी के अंदर कितने मुसलमान है कितना नहीं। उसको कहा गया कि मुसलमानों की इक्तसादी हालत, उसकी सोशल हालत, उनके मसायल का पता करके सरकार को बताये, अपनी रिकमंडेशन्स दे कि उनको कैसे दूर किया जा सकता है। अगर वह कमीशन इसको फाइंड आउट करना चाहता है। मैं पहला आदमी हूंगा जो इस बात की मुखालफत करेगा कि आर्मी के अंदर मुसलमानों का रिजर्वेशन हो। हिन्दुस्तान की अक्लियतें, अगर सबसे ज्यादा भरोसा किसी पर करती हैं, तो वह हिन्दुस्तान की आर्मी पर करती हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि अगर राजेन्द्र सच्चर यह पता लगाना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान की अक्लियतें आर्मी में क्यों नहीं जा रही हैं, क्यों वह अपना खून इस मुल्क को देने के लिए रिलक्टेंट हैं, क्यों हिन्दुस्तान की अक्लियतें पीछे हटी हुई हैं कि हिन्दुस्तान की सरहदों की हिफाजत करने के लिए उन्हें आर्मी के अंदर जाना चाहिए। इस पर किस तरह से रोक हो सकती है, इस पर क्या परेशानी हो सकती है, यह सवाल नहीं है कि फौज के अंदर रिजर्वेशन किया जाये। लेकिन मेरे ...(व्यवधान)... पुंज साहब, आप मुझे बोलने दीजिए। ...(व्यवधान)...

श्री बलबीर के० पुंज: क्यों फौज को हिन्दु और मुसलमानों में बांटने का काम किया जा रहा है?

श्री उपसभापति: पुंज साहब, उनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: मैं खुद कह रहा हूं कि मैं पहला आदमी होउंगा ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के० पुंज: उपसभापति महोदय ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: पुंज साहब, आप जब बोलेंगे तब कहिएगा। ...(**व्यवधान**)... वे जवाब नहीं देंगे। ये उनके विचार हैं। ...(**व्यवधान**)... पुंज साहब, ये उनके विचार हैं।

श्री बलबीर के० पुंज: उसका अर्थ ही यही है कि आप सेना को हिन्दु और मुसलमानों के बीच बांटना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: सर, हिन्दुस्तान की आर्मी के अंदर रीजन की बुनियाद पर रेजीमेंट मौजूद हैं-गढ़वाल रेजीमेंट, कुमायूं रेजीमेंट। हिन्दुस्तान के आर्मी के अंदर कास्ट की बुनियाद पर रेजीमेंट मौजूद हैं-सिख रेजीमेंट, जाट रेजीमेंट-ये सारे मौजूद हैं। यह तो मैं कहूंगा कि ये खत्म होने चाहिए थे आपने कोई ऐतराज नहीं किया। लेकिन अगर राजेन्द्र सच्चर यह बात जानना चाहते हैं, हिन्दुस्तान की आजादी से पहले, पुंज साहब, हिन्दुस्तान की आर्मी के अंदर 32 फीसदी मुसलमान थे। आपकी सरकार छः साल रही। ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के० पुंज: सारे पाकिस्तान चले गए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं नहीं, अब रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। ...पुंज साहब, आप बैठिए, आप बैठिए। देखिए ...(**व्यवधान**)... It is not going on record ....*(Interruptions)*....

श्री बलबीर के० पुंज: सर* ...(**व्यवधान**)...

डा० फारूक अब्दुल्ला (जम्मू और कश्मीर): नौसेना में, जब सारी फौज अंग्रेजों के हाथ में थी, वहीं एक ब्रिगेडियर था,आजकल ब्रिगेडियर पीछे रहता है, फौज आगे लगती हैं। वह ब्रिगेडियर थे जो आगे रहा और बंकर में मारा गया। गलतियां तो हमने की हैं। अपने लद्दाख स्काउट तो बना लिया, कारगिल स्काउट क्यों नहीं बनाया? मैं इनसे कहता हूं-मैंने मिसेज़ गांधी के सामने यह कहा-उन्होंने कारगिल में तकरीर की, मिसेज इंदिरा गांधी प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया-कि आप कारगिल में क्यों नहीं बनाते हैं? मैं आपसे इस बात पर सहमत हूं कि फौज जो है, वह सबके लिए है, मगर उसमें सब तबकों को जगह देनी चाहिए-ऑन मेरिट। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुसलमानों के लिए रिजर्वेशन करो। मुसलमानों के लिए रिजर्वेशन मत करो ...(**व्यवधान**)...

---

*Not recorded.

श्री उपसभापति: कोई नहीं कह रहा है। ...(**व्यवधान**)...

डा॰ फारूक अब्दुल्ला: मैरिट पर लाओ और मैरिट पर उनको चांस दो, इतना ही मैं कहना चाहता हूं।...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के॰ पुंज: मैंने सिर्फ इतना कहा कि पार्टीशन के टाइम ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: पार्टिशन पर क्यों लेकर चले गए? ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: चलिए मुझे खुशी है कि जो बात मैं आपको नहीं समझा सका, वह फारूक अब्दुल्ला साहब ने आपको समझा दी। सर, माइनॉरिटीज के लिए जो सबसे बड़ा काम सरकार करने वाली है और जो बिल आने वाला है, जिसका वादा किया है, वह कम्युनल रॉयट्स को रोकने की बात है। यकीनन सर, यह एक ऐसा काम है जो एक तारीखी काम है, जो हिन्दुस्तान के सेक्युलर फेब्रिक को मजबूत करने का काम करेगा। जब तक हिन्दुस्तान की अक्लियतों के अंदर इनसिक्योरिटी रहेगी, तब तक उनको किसी भी तरीके से आगे नहीं लाया जा सकता। सर, मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं, इस कानून को बनाने के लिए, और मैं इसमें सजेशन भी देता हूं कि इस कानून में यह होना चाहिए कि जो डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और सुपरइनटेंडेंट ऑफ पुलिस तीन दिन तक अगर कम्युनल रॉयट्स नहीं रोक पाएगा, उसको जिंदगी में कभी डीएम और एसपी नहीं बनाया जाएगा। मुझे याद है, राजनाथ सिंह जी यहां तशरीफ रखते थे और एक बार इसी हाउस में राजनाथ सिंह जी ने बहस करते वक्त कहा था कि अगर तीन दिन से ज्यादा किसी भी स्टेट के अंदर कम्युनल रॉयट्स होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी चीफ मिनिस्टर पर होती है, मुख्यमंत्री उसके लिए जिम्मेदार होंगे। अगर तीन दिन से ज्यादा कोई रॉयट होता है, राजनाथ सिंह जी ने कहा था, तो इसका मतलब है कि सरकार उसके अंदर शामिल है। इसका मतलब है कि ...(**व्यवधान**)..

श्री राजनाथ सिंह: (उत्तर प्रदेश): 1984 में एकतरफा नरसंहार हुआ था।

श्री राशिद अल्वी: उसी पर आपने कहा था। ...(**व्यवधान**)... 1984 की बहस करते वक्त आपने कहा था लेकिन जो फार्मूला आपने दे दिया, वह फार्मूला तो सभी जगह अप्लाई होगा न। सिर्फ एक जगह तो अप्लाई नहीं होगा न। आपने जो फार्मूला दिया ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए भाई। बोलने दीजिए। आपका टर्न आएगा, तब आप बोलिएगा।

श्री राशिद अल्वी: सर, इससे पहले कि मैं अपनी बात आगे बढ़ाऊं ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के॰ पुंज: कमर्शियल ब्रेक है।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः कमर्शियल ब्रेक ज्यादा नहीं होना चाहिए। परसों की बहस हुई है कि कमर्शियल ब्रेक ज्यादा हो गए हैं।

श्री राशिद अल्वीः सर, इससे पहले मैं अपनी बात ...(व्यवधान)... अभी तो मैंने कुछ कहा ही नहीं है, परेशानी किसलिए हो रही है, गुजरात का तो मैंने नाम ही नहीं लिया। ...(व्यवधान)...

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान): इसीलिए तो हो रही है।

श्री राशिद अल्वीः पहले ही परेशानी होने लगी है आप लोगों को। सर, मैं गुजरात का जिक्र नहीं करना चाहता हूं। इसलिए कि गुजरात का जिक्र करूंगा, तो हम सबको तकलीफ होगी। मैं जिस्मों पर लगे हुए खुरंड को उधेड़ना नहीं चाहता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि जिस्मों पर लगे हुए खुरंड को उधेड़ने का काम करूंगा, तो उसमें से जख्म भी बहेंगे और पीप भी बहेगा। बहते हुए जख्म और बहता हुआ पीप न आप देख पाओगे और न मैं देख पाऊंगा, इसलिए मैं गुजरात का जिक्र नहीं करता, लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि गुजरात के इस मामले में हिंदुस्तान को फॉर्मर प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया श्री के॰आर॰ नारायण जी ने 2 मार्च, 2005 को मलयालम की मैगजीन को इंटरव्यू देते वक्त कहा था–

"There is Government involvement in the Gujarat riots. I wrote repeatedly to Prime Minister, Vajpayee, about it; I also discussed it personally with him, but Vajpayee just did not do anything effectively."

यह हिंदुस्तान के फॉर्मर प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया ने कहा था, यह शर्म की बात है और मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं कि आइंदा इस मुल्क के अंदर कोई गुजरात न होने पाए, उसके लिए ऐसा कानून बनना चाहिए।

सर, मैं अपनी बात बहुत लंबी न करते हुए आखिर में सरकार को मुबारकबाद देता हूं कि President's Address के पैराग्राफ 4 के अंदर सरकार ने बात की है कि 150th anniversary of First War of Independence अगले साल मनाई जाएगी, यह एक बड़ा काम है। हमें याद करना पड़ेगा अपने उन महापुरूषों को, अपने पूर्वजों को जिन्होंने इस मुल्क की आजादी के लिए कुर्बानी देने का काम किया था, जिन्होंने इस मुल्क को आजाद कराने का काम किया था, जिन्होंने इस मुल्क में हमे यह ताकत दी कि आज हम पार्लियामेंट में खड़े होकर अपनी बात कह सकें। सर, 1857 को डेढ़ सौ साल अगले साल पूरे होंगे और बहादुरशाह जफर यकीनन तारीख का पहला मजाहिद था, पहला शहीद था। इतिहास के इस पन्ने को मैं जरूर क्वोट करना चाहता हूं कि जब जंगे आजादी की लड़ाई की इब्तदा हुई, तो बहादुरशाह ज़फर को सुबह के नाश्ते में उसके बेटों को सरकलम करके सेनी के अंदर पेश करने का काम अंग्रेज ने किया था। अगर

सरकार उसको डेढ़ सौ साल के बाद याद करने का काम कर रही है, तो यह एक बहुत बड़ा काम है और मैं अपने अज़ीज दोस्तों को याद दिलाना चाहता हूं। तारीख के अंदर है कि 1857 में आचिरसन एक अंग्रेज आफिसर था। उसने रिपोर्ट भेजी थी लंदन में और अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि आज हिंदुस्तान के हालात ऐसे हैं कि यहां पर हिंदू और मुसलमान को लड़ाया नहीं जा सकता। दोंनों एक साथ मिलकर इतनी ताकत के साथ हिंदुस्तान की आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे थे कि उनको अलहदा नहीं किया जा सकता, उन वाक़यात से हमें सबक लेना चाहिए।

सर, 17 जून, 1858 को लक्ष्मीबाई ने अपने किले में घोड़े के कूदने का काम किया था। चारों तरफ अंग्रेज की फौज इकट्ठा थी, लक्ष्मीबाई को जाने की इजाजत नहीं थी–मैं गया हूं उस किले को देखने के लिए–तब लक्ष्मीबाई ने अपनी एक मुस्लिम सहेली को लक्ष्मीबाई का रूप पहनाकर वहां खड़ा कर दिया था और वह उस ऊंचाई से, उस घोड़े से कूदी थी कि घोड़ा मर गया था, लेकिन लक्ष्मीबाई निकलकर चली गई थी।

भगत सिंह, जिनके पिता ने अंग्रेज को मर्सी की दरख्वास्त दे दी थी, जब उन्हें फांसी का हुक्म हो गया था, तब भगत सिंह ने अपने पिताजी से जो कहा था उस दरख्वास्त के बाद, इतिहास के उस पन्ने को शायद कभी भुलाया नहीं जा सकता। इतिहास के उस पन्ने के अंदर लिखा है कि भगत सिंह ने अपने पिता से कहा था कि आपने जो मर्सी की दरख्वास्त अंग्रेज को दी है कि मेरे बेटे को माफ कर दिया जाए, अगर आपकी जगह कोई और होता–आप मेरे पिता हैं, इसलिए आपको माफ करता हूं। आपने जो मर्सी की दरख्वास्त दी है वह मोहब्बत की वजह से दे दी है। लेकिन अगर यह कोई और काम करता ....(व्यवधान)..

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): सर, यह जो बात बोल रहे हैं, यह गलत बात बोल रहे हैं। ..(व्यवधान)..

श्री राशिद अल्वी: अब गलत और सही मैं डिसाइड नहीं कर सकता ..(व्यवधान)..

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: शहीदे आजम भगत सिंह ...(व्यवधान). वह तो ...(व्यवधान)... क्या बात कर रहे हैं? ...(व्यवधान)... गलत बात बोल रहे हैं ...(व्यवधान)....

श्री राशिद अल्वी: चलिए, मैं सही बात पर भी आ रहा हूं। ...(व्यवधान)....

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: उनकी शहादत पर सारी दुनिया को नाज है। उस शहीदे आजम के पिता पर, उसके वालेद पर इतना बड़ा कलंक का टीका लगवा रहे हैं। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: आप तारीख का ...(**व्यवधान**)... उठाकर देखिए। आपको पता नहीं है ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: आप किन इतिहास के पन्नों में से पढ़कर बोल रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... चलिए, मैं आगे बढ़कर कहता हूं, ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): रौशन ने कहा था ...(**व्यवधान**)... सरदार भगत सिंह की मां ने तो उनके मरने के बाद घोड़ियां गाई थीं। ...(**व्यवधान**)... गाओ घोड़ियां। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: गलत बात मत बोलिए ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: सुषम जी, जंगे आजादी की इस लड़ाई में ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: आप कुछ भी बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: इतनी बड़ी बात ...(**व्यवधान**)... वह रौशन सिंह की बात है, जो आप कह रहे हो। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will examine it.

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: शहीद-ए-आजम भगत सिंह के बारे में इतनी बड़ी बात कह देंगे? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: आप पहले वतन के शहीदों की तारीख को पढ़ो। ...(**व्यवधान**)... उसके बाद याद करके यहां पर रखो। ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: सुषमा जी, मैं बता रहा हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: हम एग्जामिन करेंगे।

श्री राशिद अल्वी: सर, मैं बड़े अदब से कहता हूं कि आज के देश भक्त जंगे आजादी में गायब थे। वे कहीं नजर नहीं आते थे। ...(**व्यवधान**)... और हमारे अजीज दोस्त ये सरदार अहलुवालिया जी, इन्हीं से मैंने इतिहास का एक पन्ना पढ़ा है कि आगरा के अंदर किसने माफी मांगी थी और किसने माफी नहीं मांगी थी? ...(**व्यवधान**)... वह कागजात मेरे पास मौजूद हैं। ...(**व्यवधान**)... वह इतिहास हमने पढ़ा है। मैं अहलुवालिया जी को याद दिलाना चाहता हूं कि अहलुवालिया जी ने ही यह बात उठाने का काम किया था कि जब हिन्दुस्तान के तिरंगे झंडे को गिरने नहीं देना चाहते थे, तो अहलुवालिया जी खड़े होकर बताएं कि किसने माफी मांगी थी? आप बताइए, आपने कहा था। ...(**व्यवधान**)... हमें इतिहास पढ़ाने का काम करोगे? ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: आप राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर भाषण दे रहे हो? ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: वही है, आपने पढ़ा नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप सब्जेक्ट पर आइए। ...(**व्यवधान**)... वह सब छोडिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राशिद अल्वी: जंगे आजादी का इतिहास आपसे नहीं सीखा जा सकता है। जंगे आजादी का इतिहास हमने पढ़ा है। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं अपनी बात लम्बी न करते हुए ...(**व्यवधान**)... आपको क्या परेशानी हो रही है? ...(**व्यवधान**)... मैं कहना चाहूंगा कि यह एक इम्पोर्टेन्ट डाक्यूमेंट है।

श्री उपसभापति: आप डाक्युमेंट पर नहीं अपनी बात पर आइए।

श्री राशिद अल्वी: मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं कि वह डेढ़ सौ साल की इस लड़ाई को अगले साल याद करने का काम करेगी। सर, मैं सबसे दरख्वास्त करूंगा कि जैसा कि ट्रेडीशन रहा है कि हम सब मिलकर इसको पास करेंगे और एक नए भारत, नए हिन्दुस्तान को बनाने का काम करेंगे। हमारे पास डॉ॰ मनमोहन सिंह जी जैसी एक काबिल शख्सियत मौजूद हैं, हिन्दुस्तान के वजीरे आजम हैं और उनकी कयादत में हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इन्हीं अल्फाज के साथ, मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

The question was proposed.

MR DEPUTY CHAIRMAN: The motion has been moved and seconded that an Address be presented to the President in the following terms:

"That Members of Rajya Sabha assembled in the Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both the Houses of Parliament assembled together on February 16, 2006."

There are 165 amendments to the motion which may be moved at this stage.

श्री राजनाथ सिंह: मैं प्रस्ताव करता हूं कि:–

46. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

''किंतु खेद है कि अभिभाषण में गत बीस महीनों में प्रमुख खाद्य पदार्थों, खाना पकाने के ईंधन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि के कारण आम आदमी को

पेश आ रही कठिनाइयों के बारे में उल्लेख नहीं किया गया है जो कि सरकार द्वारा गैर-बी सी एल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित किए जाने वाले गेहूं तथा चावल के मूल्यों में वृद्धि करने के सरकार के निर्णय के कारण और अधिक मंहगाई बढ़ गई है।''

47. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

''किंतु खेद है कि अभिभाषण में सरकार द्वारा देश में खाद्यान्न भंडार के घोर कुप्रबंधन का उल्लेख नहीं किया गया है जिसके परिणामस्वरूप पिछले मौसम में गेहूं के पर्याप्त उत्पादन होने के बावजूद इसके सुरक्षित भंडार में तेजी से कमी आने के कारण खाद्य सुरक्षा कमजोर हुई है तथा विदेशों से महंगे गेहूं का आयात करना पड़ा जिससे न केवल राजकोष की बहुमूल्य दुर्लभ विदेशी मुद्रा खर्च हुई बल्कि गेहूं उत्पादक किसानों की आशाओं पर भी कुठाराघात हुआ।''

48. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

''किंतु खेद है कि अभिभाषण में देश के सर्वाधिक पिछड़े कुछ जिलों में उन गरीब परिवारों के शेष 265 दिनों के लिए जीवन निर्वाह के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है जिन्हें राष्ट्रीय रोजगार अधिनियम के अंतर्गत प्रतिवर्ष प्रत्येक परिवार से एक सदस्य को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।''

49. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

''किंतु खेद है कि अभिभाषण में देश के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लाखों अत्यधिक गरीब नागरिकों के लिए रोजगार गारंटी की आवश्यकता तथा देश में विशेषकर शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी का उन्मूलन करने के लिए एक समय-सीमा सुनिश्चित करने हेतु कोई ठोस कदम के उठाए जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।''

50. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

''किंतु खेद है कि अभिभाषण में विशेषकर लाखों अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की उपस्थिति के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है कि जो कि न केवल संघ के विभिन्न राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना के लिए बल्कि आंतरिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहे हैं।''

51. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में भारत विरोधी शक्तियों तथा असम, नागालैण्ड, मणिपुर, त्रिपुरा तथा देश के अन्य भागों में सक्रिय विभिन्न विद्रोही समूहों के नेटवर्क के बढ़ते हुए संघटन से देश की आंतरिक सुरक्षा को बढ़ते हुए खतरे के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

52. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में सरकार द्वारा केवल वोट बैंक की राजनीति करने के एकमात्र उद्देश्य से धर्म के आधार पर समाज को बांटने तथा राष्ट्रीय अखंडता को कमजोर करने के कई गतिविधियों पर ज्यादा ध्यान देने का उल्लेख नहीं किया गया है।"

53. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में गत डेढ़ वर्ष में संवैधानिक पदों के अनैतिक रूप से उपयोग द्वारा जोड़-तोड़ करके गोवा, झारखंड तथा बिहार जैसे एक राज्य से दूसरे राज्य में लोगों की प्रजातांत्रिक आकांक्षाओं को दबाने के बार-बार किए जाने वाले प्रयासों से उत्पन्न होने वाले खतरे के बारे में उल्लेख नहीं किया गया है।"

54. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में देश में धर्मान्तरण पर कड़ा प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार के संकल्प का उल्लेख नहीं किया गया है।"

55. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में सारे देश में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार के संकल्प का उल्लेख नहीं किया गया है।"

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं प्रस्ताव करती हूं कि:–

102. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में देश के कई भागों में किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं का कोई उल्लेख नहीं है।"

103. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में बांग्लादेशी घुसपैठ से आंतरिक सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का कोई उल्लेख नहीं है।"

104. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में नक्सलवाद के बढ़ते खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने की किसी योजना का कोई उल्लेख नहीं है।

105. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में उच्चतम न्यायालय द्वारा केंद्रीय मंत्री परिषद के खिलाफ बिहार विधान सभा भंग किए जाने के सन्दर्भ में की गई प्रतिकूल टिप्पणी का कोई उल्लेख नहीं है।"

106. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में खुदरा व्यापार क्षेत्र में विदेशी पूंजी के प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति दिए जाने से देश में व्यापारियों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव का कोई उल्लेख नहीं है।"

107. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में गिरते भूजल स्तर से उत्पन्न भयावह स्थिति का कोई उल्लेख नहीं है।"

108. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में कन्या भ्रूण हत्या के कारण पुरुष और महिला के लिंगानुपात में उत्पन्न असंतुलन को कोई उल्लेख नहीं है।"

109. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती अपराध की घटनाओं का कोई उल्लेख नहीं है।"

110. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं, विशेषकर खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों का कोई उल्लेख नहीं है।"

111. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:–

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में गृहणियों द्वारा झेली जा रही रसोई गैस की किल्लत का कोई उल्लेख नहीं है।"

112. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में भारत अमेरिका परमाणु समझौते के कार्यान्वयन में आ रही बाधाओं का कोई उल्लेख नहीं है।"

113. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

"किंतु खेद है कि अभिभाषण में नकली दवाओं के बढ़ते व्यापार को रोकने के संबंध में सरकार के संकल्प का कोई उल्लेख नहीं है।"

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: मैं प्रस्ताव करता हूं कि:-

144. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में बड़े कारपोरेट घरानों के विरुद्ध संचयित आयकर की भारी बकाया राशि की वसूली के लिए सरकार के संकल्प का उल्लेख नही है।"

145. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में अयोध्या राम मन्दिर मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किए जाने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"

146. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

" किन्तु खेद है कि अभिभाषण में हाल ही में समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय की समुक्तियों के आलोक में भारतीय संविधान की धारा 44 के अनुसार समान नागरिक संहिता लाने के सरकार के इरादे का उल्लेख नहीं है।"

147. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश भर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के सरकार के निश्चय का उल्लेख नहीं है।"

148. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में नक्सलियों, उल्फा आदि जैसे आतंकवादी संगठनों द्वारा मारे गए व्यक्तियों के निकट संबंधियों को कम से कम पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की सरकार की इच्छा का उल्लेख नहीं है।"

149. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात्:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में असम तथा देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों में बढ़ती अशांति की स्थिति का, जिससे वहां रहने वाले नागरिकों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति बाधित हो रही है, उल्लेख नहीं है।"

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): Sir, I beg to move:—

150. That at the *end* of the Motion, the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the corporate mission of Airports Authority of India (AAI) formed under an Act of Parliament to build world class Airports and AAI's proposal to modernise Delhi and Mumbai Airports, as approved in its 64th Board meeting in June, 2003, which was side tracked by the Government, causing inordinate delay in modernising Delhi and Mumbai Airports."

151. That at the *end* of the Motion, the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the report of Alternate Plan Review Committee headed by Member (Finance), Airport Authority of India, submitted to the Government in December, 2005, which reiterates AAI's technical expertise and financial capacity as debtless company to modernise Delhi and Mumbai Airports as well as 35 other non-metro Airports."

152. That at the *end* of the Motion, the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the strong opposition of the employees of AAI to the Government's plan to hand over management and operation of Delhi, Mumbai and other Airports Authority of Airports of India (AAI) to private companies in the name of public-private partnership and their resolve to modernise these Airports by AAI only."

DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Sir, I beg to move:—

153. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not outline a concrete and constructive policy initiative as well as an action-plan to settle the major inter-State river disputes including the long pending Cauvery River dispute."

154. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the workable solution for the perennial problem faced by our Indian fishermen in the south while fishing to eke out their livelihood, in the ocean in and around KATCHADEEVU under Sri Lanka."

155. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the heavy influx of refugees coming at present from Sri Lanka to Tamil Nadu."

156. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the various implications involved in the half baked, hasty driven process of execution of Sethu Samuthram Canal Project."

157. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about any guideline or protocol arrangement in conducting Central Government functions in States which are not the allies of the UPA Government and deliberately undermining the authority and status of the Chief Ministers of such States on such occasions."

158. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about evolving a norm in the sanctioning of grant or assistance to States which were subject to natural calamities such as Tsunami, unprecedented heavy floods and avoiding discrimination against States which are opposed to UPA Government."

159. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about the liberal financial assistance and environment clearance for establishment of desalination plants for drinking water supply in certain major metro cities which have exhausted other sources of water supply."

160. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not convey when the Tamil language which was declared as a classical language, could be brought under

the Ministry of Human Resource Development to attain all benefits and privileges meant for a classical language from the Ministry of Culture."

161. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about a scheme for supply of free electricity to agricultural farmers and Comprehensive Insurance Scheme for farmers as has been done in Tamil Nadu."

162. That at the *end* of the Motion the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about a scheme to avoid female infanticide which has got a wide and serious ramifications in future by causing an imbalance of male and female sex ratio in the country, as has been done in Tamil Nadu under the Cradle-Baby Scheme."

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Motion and the Amendments moved are now open for discussion. Any Member desiring to speak may do so. Shri Rajnath Singh.

श्री राजनाथ सिंह: उपसभापति जी, दोनों सदनों की समवेत बैठक को प्रतिवर्ष राष्ट्रपति महोदय संबोधित करते हैं और राष्ट्रपति महोदय का जो अभिभाषण होता है, उस पर दोनों सदनों में चर्चा होती है, धन्यवाद प्रस्ताव भी पेश किए जाते हैं, लेकिन सामान्यत: परंपरा यह है कि जब भी राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है, तो सभी मिल-जुलकर, चाहे वह सरकार हो अथवा विपक्ष हो, सभी उसका समर्थन करते हैं।

उपसभापति जी, इस बार राष्ट्रपति महोदय का जो अभिभाषण हुआ है, उस अभिभाषण को मैंने बहुत ही गंभीरतापूर्वक पढ़ा है, अक्षरश: पढ़ा है और मैं कहना चाहूंगा कि इस अभिभाषण के पढ़ने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे आम लोगों की व्यथा इस अभिभाषण से पूरी तरह से गायब हो और पूरा का पूरा अभिभाषण आत्म-प्रशस्ति से भरा पड़ा है। पूरा अभिभाषण देखने के बाद मुझे ऐसा लगा कि यह तो बिल्कुल आधा-अधूरा है। राष्ट्रीय मुद्दों का जैसा उल्लेख इसमें होना चाहिए और जो राष्ट्रीय सवाल हैं, राष्ट्रीय समस्याएं हैं, उनके समाधान के संबंध में यह सरकार क्या कर रही है, इसका जैसा उल्लेख होना चाहिए, वैसा उल्लेख हमें इस अभिभाषण में देखने को नहीं मिला है।

उपसभापति जी, मैं यह मानता हूं कि यह अभिभाषण परंपराओं का तो निश्चित रूप से निर्वहन करता है, लेकिन यह अभिभाषण इस देश के उत्थान, इस देश की समस्याओं के समाधान के प्रति दिशा-निर्देश नहीं करता है। अब जब भी अभिभाषण होते हैं तो पिछले वर्ष का जो अभिभाषण

होता है और जो इस वर्ष का अभिभाषण हुआ है, इन दोनों के बीच जो भी समय गुजरा है, इस काल में इस समय में सरकार ने क्या काम किया है, सरकार क्या करना चाहती है, सरकार की क्या योजनाएं हैं, इन सारी चीजों का विस्तारपूर्वक उल्लेख इसमें होता है और पूरी कैबिनेट मिलकर इस भाषण को तैयार करती है।

उपसभापति जी, आज जब इस धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस करने के लिए मैं यहां खड़ा हुआ हूं, तो जो कुछ भी मैं कहूंगा, यह नहीं माना जाना चाहिए कि मैं राष्ट्रपति महोदय की आलोचना कर रहा हूं, बल्कि सचमुच इस UPA सरकार ने जो अभिभाषण तैयार किया है, मैं उसी के संबंध में कुछ कहना चाहूंगा। इस अभिभाषण को देखने के बाद मुझे ऐसा लगा जैसे इस सरकार को ऐसा लग रहा हो कि देश के बारे में सिर्फ सरकार ही सोचती है, और कोई नहीं सोचता है। मैं यह बताना चाहूंगा कि जो भी भाषण तैयार होता है, उसके बारे में केवल सरकार ही नहीं सोचती है, बल्कि सारा का सारा देश सोचता है और जो कुछ भी घटता है, चाहे वह अच्छा हो, चाहे वह बुरा हो, उसका एहसास आम आदमी को होता है। लेकिन कोई अच्छा भाषण करवा दे और अच्छा भाषण करवाने के बाद यह महसूस करे कि हमारी सरकार बहुत ही अच्छी सरकार है, तो मैं समझता हूं कि ऐसा न कभी हुआ है, न ऐसा कभी होगा। ऐसा कदापि सम्भव नहीं है। शब्दों के मकड़जाल में लोगों को छला जा सकता है, लेकिन शब्दों के मकड़जाल से कभी इस देश का विकास नहीं किया जा सकता। श्रीमन्, मैं राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण की पहली पंक्ति का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा। उन्होंने कहा है कि "It is with a sense of optimism that we look forward to the new year". ''नए वर्ष के आगमन पर हम आशावादी हैं''। यह कैसा आशावाद है, यह बात हमारी समझ से परे है। क्या इसके पहले जो कुछ भी होता था, उसके परिणामस्वरूप देश की जनता पूरी तरह से निराशा में डूब जाती थी? यह कैसा आशावाद है, यह हमारी समझ से परे है। श्रीमन्, मैं यह याद दिलाना चाहूंगा, कि 26 जनवरी को जो गणतंत्र दिवस अभी हाल में सम्पन्न हुआ है, बिहार की एक घटना सचमुच मन को बहुत ही पीड़ा पहुंचाने वाली घटना है। सर्वोच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट ने अपने जजमेंट में वहां के राज्यपाल के कंडक्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा था 'destruction of democratic principles' यानी ऐसे लोकतंत्र की हत्या जिस राज्यपाल के द्वारा की गई हो और दो दिन पहले ही जजमेंट आया हो, उसके बावजूद सरकार ने उस राज्यपाल को अपने दायित्व से मुक्त करने की जहमत नहीं उठाई, बल्कि राष्ट्रीय झंडा, जो हर भारतवासी की आन-बान-शान का प्रतीक होता है, उस राष्ट्रीय झंडे को फहराने की इजाजत उसी राज्यपाल के द्वारा दी गई। अब नव वर्ष में भविष्य के लिए क्या यह बात भी आशा का संदेश देने वाली है इस देश को? तो कैसे आशावाद की बात इस भाषण में की गई है, यह हमारी समझ से परे है।

श्रीमन्, मैं दूसरी बात का उल्लेख करना चाहूंगा, जोकि दूसरी पंक्ति में ही राष्ट्रपति महोदय ने कहा है कि "हमें अपने सामर्थ्य की ऊंचाइयों को छूता हुआ एक अरब की जनसंख्या वाला राष्ट्र उल्लास की अनुभूति देता है, रोमांच पैदा करता है", यानी एक्साइटिंग फीलिंग हो रही है। कैसी एक्साइटिंग फीलिंग, किस बात पर रोमांच पैदा हो रहा है? किसान आत्महत्या कर रहा है, क्या इसको लेकर रोमांच पैदा हो रहा है? उसे हम अन्नदाता मानते हैं और हम जानते हैं कि विगत दो वर्ष के अन्दर 100, 200, 400, 500 नहीं, बल्कि हजार की संख्या में किसानों ने आत्महत्या की है। क्या इस कारण इस सरकार को रोमांच हो रहा है? नक्सलवादियों द्वारा देश भर में फैलाई जा रही अराजकता, हत्या, लूट-पाट क्या इस कारण सरकार को रोमांच पैदा हो रहा है? क्या यूपीए सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा को ढहाने का काम, उस पर जो चोट पहुंचाने का काम किया है, क्या उस कारण सरकार को रोमांच हो रहा है? क्या गरीबी से तंग आकर सपरिवार आत्महत्या करने जैसे मजबूर परिवारों के दुखद अन्त के कारण इस सरकार को रोमांच हो रहा है? क्या यह सरकार क्वात्रोची द्वारा बोफोर्स की दलाली के पैसे निकाल लेने पर रोमांचित हो रही है? यह सरकार रोमांचित क्यों हो रही है, क्यों एक्साइटिंग फीलिंग पैदा हो रही है, यह बात हमें समझ में नहीं आती है। ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभावान नौजवानों का पलायन शहरों की ओर हो रहा है, बेरोजगारी का संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है, क्या इस कारण यह सरकार रोमांचित हो रही है? श्रीमन्, वोल्कर कमेटी की रिपोर्ट भी आई है, आप जानते हैं। क्या कांग्रेस दलालों की सूची में, ब्रोकर्स की सूची में अपना नाम आने पर रोमांचित हो रही है? कैसा यह रोमांच है? श्रीमन्, मैं समझता हूं कि इस रोमांच को एक बार पुनर्परिभाषित किए जाने की आवश्यकता है, रि-डिफाइन किए जाने की आवश्यकता है। अब बिहार में संवैधानिक ढांचा ढहने के बाद अभी जो विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं, उसमें उनके घटक दल, जिसके समर्थन से यह सरकार चल रही है और साथ ही कांग्रेस की भी जो दुर्गति हुई है, जो पराजय हुई है, क्या उसके कारण यह सरकार रोमांचित हो रही है? ...(व्यवधान)... और मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कर्नाटक में ...(व्यवधान)... श्रीमन्, क्या यह रोमांच ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं, आप खामोश रहिए ...(व्यवधान)... जमना देवी जी, उन्हें अपनी बात कहने दीजिए ...(व्यवधान)...

श्री राजनाथ सिंह: शोभा देने वाली बात जब आपको अवसर मिलेगा, बोलिएगा। मैं अशोभनीय बात बोल रहा हूं, क्षमा कीजिएगा ...(व्यवधान)...

श्रीमन्, क्या इस सरकार को इसलिए एक्साइटिंग फीलिंग हो रही है कि कर्नाटक में उसके गठबंधन की सरकार टूट गयी है और कांग्रेस की सरकार वहां समाप्त हो गयी है? क्या यह कारण है उसके एक्साइट होने का? मान्यवर, उनकी इस एक्साइटिंग फीलिंग का पैमाना क्या है, यह देखने

की आवश्यकता है। इसीलिए मैंने कहा कि मैंने अभिभाषण में जो कुछ भी पढ़ा, वह हमारी समझ के परे था। आप देखें महंगाई इतनी तेजी के साथ बढ़ी है। पेट्रोल और डीजल की कीमत वर्ष में 4 बार, 5 बार, 6 बार बढ़ी हैं। इस देश में महंगाई 15 परसेंट से 45 परसेंट है और यह दो वर्ष के अंदर नहीं बल्कि डेढ़ वर्ष के अंदर बढ़ी है। मैं याद दिलाना चाहूंगा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार 6 वर्षों तक रही और उसने महंगाई को बांधे रखने में जो शानदार सफलता प्राप्त की, आजाद भारत के इतिहास में कोई ऐसी सरकार नहीं रही जिसने महंगाई को बांधे रखने में ऐसी शानदार सफलता प्राप्त की हो। इस सरकार के रोमांचित होने का क्या श्रीमन् यह भी कारण है कि बांग्लादेश से आ रहे घुसपैठियों की 50 लाख से अधिक की संख्या केवल असम में हो चुकी है और सारे देश में जिनकी संख्या 2 करोड़ से अधिक बन चुकी है और उनके द्वारा आतंकवादी हरकतें कई स्थानों पर की जा रही हैं। क्या इस कारण यह सरकार रोमांचित हो रही है? मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि विगत कई वर्षों से गेहूं का इम्पोर्ट हमारी किसी गवर्नमेंट ने नहीं किया था। मैं समझता हूं कि विगत 9, 10, 11 वर्षों के बाद पहली बार गेहूं का इम्पोर्ट हमारी इस सरकार ने किया है। क्या इस कारण सरकार अपने को रोमांचित महसूस कर रही है? भारत का एक भी नागरिक जो अपने को देशभक्त मानता है, सचमुच गेहूं के आयात के निर्णय को सुनकर कभी भी रोमांचित नहीं हो सकता है।

राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के तीसरे बिंदु की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। उन्होंने कहा है कि यह भी सच है कि एक देश के रूप में हम सबने मिलकर अतीत के मतभेद भुलाने की कोशिश कर ली है। यह बहुत अच्छी बात है। हमने अपने राजतंत्र में उपचारक यानी एक ''सेंस ऑफ हीलिंग'' की भावना पुन: उत्पन्न कर दी है कि हम अपने समाज में "a sense of inclusiveness" के बोध को वापस ले आए हैं। हमने अपनी अर्थ व्यवस्था को उद्देश्यपरकता प्रदान की है। यह कैसी सर्वसमावेष्य है, कैसी सेंस ऑफ हीलिंग है? आंध्र प्रदेश में संविधान को ताक पर रखकर आपने मजहब के आधार पर आरक्षण करने का फैसला कर दिया। क्या भारत का संविधान इस बात की इजाजत देता है? आईएमबीटी एक्ट को सुप्रीम कोर्ट ने स्क्रैप कर दिया फिर भी आपने फॉरेनर्स एक्ट में कुछ ऐसे प्रोवीजन करने की कोशिश की है, आपके द्वारा प्रयत्न किया जा रहा है और रूल्स बनाने की कोशिश की जा रही है कि जिन बांग्लादेशी घुसपैठियों को जल्दी-से-जल्दी आईडेंटीफाइ करके इस देश की सीमा के बाहर किया जा सके, आपने उसमें व्यवधान पैदा करने की कोशिश की है। आप करना क्या चाहते हैं? और आप बार-बार आरोप लगाते हैं कि हम सांप्रदायिकता की राजनीति, मजहब की राजनीति करते हैं। श्रीमन्, हम लोग सांप्रदायिकता की राजनीति नहीं करते हैं, जाति और मजहब की राजनीति नहीं करते हैं। हमारा उस राजनीति में विश्वास है जो इंसाफ और इंसानियत की राजनीति में विश्वास करती है, जाति और मजहब की राजनीति में नहीं। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि यही

कांग्रेस पार्टी है जिस ने 1916 में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपने प्रथम अधिवेशन में मुस्लिम समाज के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र की मांग की थी, मुस्लिम्स के लिए इलेक्टोरल कांस्टीट्युएंसी अलग होनी चाहिए। यह प्रस्ताव अगर हिंदुस्तान के इतिहास में किसी ने पारित किया है तो कांग्रेस ने किया है और उसी दिन से भारत के विभाजन का बीजारोपण इस देश में हो गया। उसी के परिणामस्वरूप कुछ वर्षों के बाद इस देश का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन हुआ।

अब ''सेंस ऑफ हीलिंग'' की बात लीजिए। सेंस ऑफ हीलिंग कैसी? आपने सच्चर कमेटी बनायी है। अभी हमारे एक माननीय सदस्य यहां पर इस धन्यवाद प्रस्ताव को second करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। हम कभी हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर विभाजन न तो करना चाहते हैं और न कभी होने देंगे, क्योंकि हम जिस आइडियॉलॉजी, जिस दर्शन में विश्वास करते हैं, वह हमारे भारत का दर्शन है, जो बराबर सारी दुनिया को ही ''वसुधैव कुटुम्बकम'' का संदेश दिया है। हमने केवल भारत की धरती पर ही रहने वाले लोगों को अपना परिवार नहीं माना है, बल्कि दुनिया में कहीं रहने वाला कोई हो, उसको भी अपना परिवार माना है। हम विभाजन करना नहीं चाहते हैं।

आज तक सेना में आरक्षण की व्यवस्था न तो कभी रही है और न आज तक कभी जाति और मज़हब के आधार पर किसी प्रकार का कोई सर्वेक्षण ही हुआ है। यदि पूजा भी करनी होती है, प्रार्थना भी करनी होती है, तो चाहे हिन्दू हो, मुसलमान हो या ईसाई हो, वे मन्दिर में जाकर पूजा करते हैं, मस्जिद में एक साथ जाकर पूजा करते हैं, गिरिजाघर में एक साथ जाकर सज़दा करते हैं। लेकिन, आपने जिस तरीके का रास्ता सच्चर कमेटी के माध्यम से एडॉप्ट करने की कोशिश की है, उसमें मैं कह सकता हूँ कि यह एक एपीजमेंट पॉलिसी के अलावा कुछ नहीं है। न्याय सभी को मिलना चाहिए, लेकिन श्रीमन्, तुष्टिकरण किसी का नहीं होना चाहिए।

आपने राष्ट्रपति महोदय के इस अभिभाषण में इस देश की अर्थ-व्यवस्था की प्रगति का भी उल्लेख किया गया है। कैसी प्रगति? आम लोगों को अहसास होना चाहिए कि हमारे देश की आर्थिक प्रगति हो रही है। कभी-कभी तो जब मैं इस देश की अर्थ-व्यवस्था पर विचार करता हूँ तो मुझे तो ऐसा लगता है कि इस सरकार की पकड़ इस देश की अर्थ-व्यवस्था पर ढीली पड़ती जा रही है। मँहगाई क्यों बढ़ रही है? श्रीमन्, जब-जब कांग्रेस अथवा कांग्रेस-नेतृत्व की सरकार इस हिन्दुस्तान में आई है, बराबर मँहगाई बढ़ी है। मैं तो देश के अर्थशास्त्रियों का भी आहवान करना चाहता हूँ कि उन्हें इस बात पर रिसर्च करना चाहिए कि जब-जब कांग्रेस आती है अथवा कांगेस-नेतृत्व की सरकार आती है, तभी इस देश में मंहगाई क्यों बढ़ती है और जब श्री अटल बिहारी वाजपेयी-जैसा व्यक्ति भारत का प्रधान मंत्री बनता है, तो उस समय मंहगाई क्यों नहीं बढ़ती है? इस पर निश्चित रूप से एक रिसर्च होनी चाहिए।

आपने अपने इस दस्तावेज में 1999 से लेकर 2003 के वर्षों के आर्थिक विकास की दर में 2000 के सूखे के बावजूद जो वृद्धि हुई, इसका उल्लेख नहीं किया है। यह एन०डी०ए० के शासन काल में हुआ है, लेकिन उसका उल्लेख करने की आपने आवश्यकता नहीं समझी। आपने 2003-2004 का भी इस अभिभाषण में कहीं कोई उल्लेख नहीं किया है इसकी कोई चर्चा ही नही हुई है। क्यों नहीं की गई? मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि 2003-2004 का ही यह फाइनांसियल ईयर था, जिसके अक्टूबर से लेकर दिसम्बर के महीने में इस देश की ग्रोथ रेट 10.1 परसेंट थी। श्रीमन्, दुनिया के किसी भी देश की ग्रोथ रेट उस तिमाही में, उन तीन महीनों में अक्टूबर से लेकर दिसम्बर तक, 10.1 परसेंट नहीं थी। वह केवल रा०ज०ग० के शासनकाल में थी। आपने इसका भी उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं महसूस की। आज आपको जो कुछ भी दिख रहा है, यदि इसके पहले एन०डी०ए० की सरकार नहीं रही होती, तो शायद आज आप यह बोलने का और कहने का साहस नहीं जुटा पाते। यह 2003-2004 के अप्रैल-मई तक जो एन०डी०ए० की सरकार रही है, उसके द्वारा आपको सचमुच जो कुछ भी विरासत में मिला है, आप उसको बढ़ाने की कोशिश करिए, उसको गिराने की कोशिश मत करिए।

श्रीमान्, अब मैंने इसी अभिभाषण के दूसरे बिन्दु पर नजर डाली, जिसमें लिखा है कि आम आदमी के लिए और हमारे हर परिवार के लिए सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक पहलू वस्तुओं की कीमतें हैं। मुझे हंसी आई। क्यों क्या जरूरत थी, राष्ट्रपति महोदय से यह कहलवाने की? यह वस्तुओं की दिनन्दिन उपभोग की वस्तुओं की कीमतें, एसेंशियल कमोडिटीज़ की कीमतें यदि गिरी होतीं, तो आपने इसका उल्लेख करवा दिया होता। आपने राष्ट्रपति महोदय को क्यों मजबूर किया? अब मैं उदाहरण देना चाहता हूं। मैं बहुत-सारे थोक भावों की चर्चा नही करूंगा, खुदरा भावों की चर्चा करूंगा। श्रीमन्, गेहूँ, जो मई 2004 में 9 रुपये किलो मिलता था लेकिन फरवरी 2006 में इसकी कीमत 4 रुपए प्रति किलो बढ़ गई और यह 13 रुपए किलो हो गया। आटा, जो गरीब खरीद कर खाता है, पिछले मई, 2004 में यदि 10 रुपए किलो खरीदा होगा, तो अब उस गरीब को आटा 15 रुपये-16 रुपए प्रति किलो खरीदना पड़ रहा है। रैपसीड ऑयल यदि फरवरी, 2004 में 40/- रुपए प्रति लीटर खरीदा गया होगा, तो इस फरवरी, 2006 में उसे 58/-रुपए प्रति लीटर के हिसाब से कीमत देनी पड़ी रही है। अरहर की दाल छोड़ दीजिए। गुड़ जिसका सेवन सामान्य गरीब व्यक्ति करता है, यदि गुड़ मई 2004 में 14/- रुपए किलो खरीदा होगा, जो आज वह गुड़ खरीदने के लिए उसे बाजार में 19/- रुपए देने पड़ेंगे। मिट्टी का तेल, जिस गरीब की झोंपडी में बिजली की रोशनी नहीं पहुंच पाती, वह मिट्टी के तेल से ही अपनी गरीब झोंपड़ी में रोशनी पैदा करने का काम करता है और वही मिट्टी का तेल, जो उसे मई, 2004 में 18/- रुपए प्रति लीटर मिलता था, आज बाजार में 35/- रुपए से 40/- रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। अगर आप गांवों में जाकर पता लगाएं, तो 35/- रुपए, 40/- रुपए देने के बावजूद भी मिट्टी का तेल मुहैय्या नहीं हो रहा है।

श्रीमन्, इसमें मकान बनवाने की बात कही गई है। आप इस अभिभाषण में 60 हजार, 60 लाख, 60 करोड़ मकान की बात महामहिम राष्ट्रपति महोदय से कहलवा लीजिए, मगर ये मकान बनेंगे कैसे? आप मिट्टी के मकान बनवाना चाहते हैं या ईंट के मकान बनवाना चाहते हैं या पत्थर के मकान बनवाना चाहते हैं। जो ईंट मई, 2004 में 1800/- रुपए प्रति हजार मिलती थी, आज उस ईंट की कीमत बढ़कर 2500/- रुपए से 3000/- रुपए प्रति हजार हो गई है। इसके बावजूद आप कहते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी तेजी के साथ प्रगति हो रही है। डंके की चोट पर आपने कहा है कि आम आदमी का हाथ कांग्रेस के साथ है। यदि हम आटे, दाल का भाव देखें, चाहे हम तेल की धार देखें या चूल्हे की आंच देखें, हर तरफ हमें यही दिखाई देता है कि महंगाई के कारण जनता का हाथ दिनों-दिन तंग होता जा रहा है। इन परिस्थितियों में देश की अर्थव्यवस्था में कैसे इस सरकार के लोगों को उत्साह नजर आ रहा है? यह सोचने की आवश्यकता है। मैं तो यह कहूंगा कि सचमुच में कांग्रेस का हाथ आम आदमी के साथ नहीं है, इस सरकार का हाथ यदि है तो वह खास लोगों के साथ है। शेयर-सूचकांक देखिए, दस हजार से ऊपर जा रहा है, दस हजार की सीमा को पार कर रहा है। लग्जरी गाड़ियों के महंगे मॉडल आ रहे हैं, फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट हो रहा है। अब तो यह डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट रिटेल ट्रेड में, खुदरा बाजार में हो रहा है। क्या होगा, चार-पांच करोड़ की संख्या में जो हमारे छोटे व्यापारी हैं? कैसे वे अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की स्पर्धा में खड़े हो पाएंगे? सिंगल ब्रांड के मामले में वे कैसे कम्पीट कर पाएंगे? इन सारी चीजों का विचार इसमें नहीं किया गया। मैं तो यही कहूंगा, श्रीमन्, इस गवर्नमेंट ने विगत दो वर्षों में जो किया है, इसने आम आदमी का तिरस्कार किया है और खास आदमी को पुरस्कृत किया है। एक पंक्ति में मैं इस सरकार के संबंध में इतना ही कह सकता हूं।

श्रीमान्, अब मैं इस अभिभाषण के दूसरे बिन्दु पर आता हूं। अभिभाषण में कहा गया है-''मन यह देखकर उत्साह से भर उठता है कि सरकार मीडिया और नागरिक समाज में विकास के विकल्प, गरीबी उपशमन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत सुविधाएं, अवसंरचना, लोगों को सशक्त बनाने और सीमान्त एवं कमजोर वर्गों की सहायता करने के संबंध में सक्रिय विचार-विमर्श चल रहा है।'' यह विचार करने से ही इतना बड़ा उत्साह पैदा हो गया? मैं तो यह देख रहा हूं कि 42 वर्षों से लगातार विचार हो रहा है। आप कोई पिछले अभिभाषण उठाकर पढ़ लें, 30-35 वर्ष पहले जिस प्रकार का भाषण हुआ होगा, कमोबेश उसी प्रकार का भाषण इस वर्ष भी लिया गया है। एक ही राजनैतिक पार्टी ने 42 वर्ष इस हिंदुस्तान में हुकूमत किया है। यह 42 वर्षों का समय किसी राजनैतिक पार्टी के लिए, किसी देश के लिए कम समय नहीं कहा जाएगा और वह भी टू-थर्ड, थ्री-फोर्थ मेजोरिटी से हुकूमत हुई है। यह हुकूमत केवल केन्द्र में ही नहीं बल्कि इस हिंदुस्तान के लगभग सभी राज्यों में टू-थर्ड, थ्री-फोर्थ मेजोरिटी से होती रही है। क्या किया है आपने? आज तक हमारा भारत देश दुनिया की डवलप्ड कंट्रीज की क्यू में नहीं खड़ा हो पाया है।

फिर भी हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है-मन उत्साह से भर उठता है। क्या केवल विचार-विमर्श में ही, सोचने में ही, केवल ऐसा सोचकर ही मन उत्साह से भर उठता है?

श्रीमन्, अब सबसे जोरदार जो बात कही गई है, महत्वपूर्ण जो बात कही गई है, उसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि यही विशेष परिवर्तन लाने के लिए इस सरकार को जनादेश मिला है। This Government was voted to power to accept this precise change. आपको जनादेश मिला है? आपको 115 सीटों पर ही विजय प्राप्त हुई है, कुछ संख्या आपकी पहले से बढ़ गई है, लेकिन जनादेश नहीं माना जाएगा। मिली-जुली आपने सरकार बनाई। हमारे वामपंथी मित्र भी यहां बैठे हुए हैं और केवल वामपंथी मित्र ही नहीं, कई लोगों का समर्थन प्राप्त है, जो आए दिन लड़ते-झगड़ते रहते हैं, सदन में नहीं सड़क पर, नारे लगाते हैं और कहते हैं कि हमारी मिली-जुली सरकार है। कभी-कभी यह भाषण भी समाचार-पत्रों में पढ़ने को मिल जाता है कि जो मिली-जुली सरकार होती है, उसकी कुछ सीमाएं होती हैं, उन सीमाओं के अंतर्गत उसे काम करना पड़ता है। लेकिन, जिस तरह का रवैया इस यूपीए गवर्नमेंट के ऐलाइज़ का मैं देखता हूं, मैं इस नतीजे पर पहुंचता हूं, श्रीमन्, कि यह मिली-जुली सरकार नहीं है, बल्कि मिलीभगत की सरकार है, इसे मिली-जुली सरकार नहीं कहा जा सकता और इसका एकमात्र उद्देश्य बस यही है, चाहे जैसे हो भारतीय जनता पार्टी का विरोध करना। इस नकारात्मक सोच के आधार पर मैं समझता हूं कि किसी देश का निर्माण नहीं किया जा सकता, किसी देश की प्रगति कदापि नहीं की जा सकती। राजनीति में हम एक सच यह भी जानते हैं कि राजनीति में कोई स्थायी मित्र नहीं होता, कोई स्थायी शत्रु नहीं होता, इसे मैं मानता हूं, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन, यह अजीबोगरीब सरकार है, जिसमें कि आपको स्थायी मित्र और स्थायी शत्रु दोनों मिल जाएंगे। यानी जब सदन में जाएंगे तब तो सरकार के साथ मित्रता का व्यवहार करेंगे, जब बाहर आएंगे, टेलीविजन के सामने आएंगे तो ऐसा लगेगा कि सरकार का इनसे बड़ा शत्रु कोई है ही नहीं। ऐलाइज़ आपस में कैसे लड़ते हैं, बिहार में भी आपने देखा। बिहार के दो-दो मंत्री थे, बिहार में जाकर तो एक-दूसरे पर शब्दों का ऐसा बाण चलाते थे, सारी मर्यादाओं को, सीमाओं को तोड़कर और सरकार में एक ही कैबिनट में बैठकर सामूहिक रूप से वे फैसले भी करते हैं। मैं तो समझता हूं कि सचमुच गठबंधन की राजनीति की परिभाषा को, इसकी डेफिनिशन को ही इस सरकार ने बदल दिया है।

उपसभापति महोदय, मैं समझता हूं कि यह सरकार जो चल रही है, केवल भाजपा की दहशत के मारे चल रही है कि कहीं भारतीय जनता पार्टी फिर से शासन में न आ जाए। शायद इसी कारण यह सरकार चल रही है, नहीं तो यह सरकार अब तक पूरी तरह से बिखर गई होती और मैं तो यह कहना चाहूंगा कि आज सचमुच भारतीय जनता पार्टी की स्थिति तो यह हो गई है कि वह राजनीति के केन्द्र बिन्दु में आ गई है।

4.00 PM

राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में एक महत्वपूर्ण बात और कही है, उन्होंने कहा है कि 'भारत पर, हमारे लोकतंत्र में और हमारी अर्थव्यवस्था में इतना अधिक विश्वास पहले कभी नहीं रहा है।' यानी जो भी लोकतंत्र के प्रति विश्वास पैदा हुआ है, यू॰पी॰ए॰ गवर्नमेंट के आने के बाद ही लोकतंत्र में लोगों का विश्वास पैदा हुआ है, इसके पहले लोकतंत्र पर देश की जनता का अविश्वास था। आप कहना क्या चाहते हैं? लोकतंत्र को अपने हाथ का खिलौना क्यों बनाना चाहते हैं? लेकिन, यह बात सही है कि लोकतंत्र के स्वास्थ्य को, उसकी हेल्थ को बिगाड़ने का काम यदि किसी ने किया है, तो वह आपने किया है। श्रीमन्, मैं तो यह भी कहना चाहूंगा कि राष्ट्र के विभाजन के बीज बोने का इन दो वर्षों में पूरी तरह से प्रयास हुआ है, मैं यह आरोप लगाना चाहता हूं। सच्चर कमेटी ने जिस प्रकार से सर्वे का काम प्रारम्भ कराया है, उसके आधार पर मैं यह बात कहना चाहूंगा और साथ ही साथ यह भी कहना चाहूंगा कि आपने बहुत सारी चीजों की गणना की है अपने भाषण में। आपने यह भी कहा है कि यू॰पी॰ए॰ सरकार मुसलमानों की गणना कराएगी, मैंने किसी एक मंत्री का स्टेटमेंट पढ़ा। राजेन्द्र सच्चर कमेटी के माध्यम से उन्होंने कहा कि मैं गणना इसलिए करा रहा हूं ताकि उनकी सोशियो इक्नॉमिक कंडीशन को सुधारा जा सके। हमारा कहना है कि मज़हब के आधार पर यह सब कुछ नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से अनकांस्टिट्यूशनल है, यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। गिनती यदि होनी चाहिए तो इस बात की होनी चाहिए कि देश में कितने बेरोजगार हैं। गणना होनी चाहिए तो इस बात की होनी चाहिए कि इतने किसान इस देश में आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुए हैं। यदि गणना होनी चाहिए तो इस बात की होनी चाहिए कि आतंकवादियों के हाथों कितने निर्दोष लोगों की हत्या की गई है। माओवादी या नक्सलवादी गतिविधियां भी बहुत तेज़ी के साथ बढ़ी हैं, इनके कारण भी हज़ारों-हज़ार की संख्या में लोगों की हत्याएं हुई हैं, यदि गणना की जानी चाहिए तो इनकी की जानी चाहिए। गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हुए जो लोग आज दम तोड़ रहे हैं, गणना की जानी चाहिए तो इनकी की जानी चाहिए। देश में कितने आईएसआई के अड्डे अब भी काम कर रहे हैं, गणना की जानी चाहिए तो इस बात की की जानी चाहिए।

श्रीमन्, मैं अभी जब इस अभिभाषण को पढ़ रहा था, मुझे ऐसा लगता है कि कुछ चीज़ें जान-बूझ का छोड़ी गई हैं, उनका कोई भी उल्लेख अभिभाषण में नहीं किया गया है। एक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद् बनी है, नेशनल एडवाइज़री काउन्सिल बनी है, इससे पहले तो मैंने किसी भी गवर्नमेंट में नेशनल एडवाइज़री काउन्सिल का नाम नहीं सुना था। यह नेशनल एडवाइज़री काउन्सिल क्या कर रही है? इसमें विभिन्न मन्त्रालयों का उल्लेख तो है, लेकिन आपने जो यह महत्वपूर्ण नेशनल एडवाइज़री काउन्सिल बनाई है, इस नेशनल एडवाइज़री काउन्सिल ने अब तक

क्या किया, इसका उल्लेख भी तो अभिभाषण में होना चाहिए था, लेकिन उसका कोई भी उल्लेख अभिभाषण में नहीं है। जब योजना आयोग अस्तित्व में है, योजना आयोग के एग्ज़िस्टेंस में रहते हुए यह राष्ट्रीय सलाहकार परिषद् बनी, किसी भी गवर्नमेंट ने आज तक ऐसा नहीं किया है।

श्रीमन्, जहां तक केन्द्रीय मंत्री मंडल में सामूहिकता का प्रश्न है, आप जानते हैं कि अब सामूहिकता नाम की कोई चीज़ नहीं रह गई है, एक मंत्री दूसरे मंत्री को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहा है। हालत दिनों-दिन बद्तर होती चली जा रही है। इस सरकार ने कई योजनाएं प्रारम्भ करने का फैसला किया है। पुरानी योजनाओं को भी जिन महापुरुषों के नाम पर बनाया गया था, उनमें भी कुछ रद्दो-बदल किया गया है। श्रीमन्, मैं योजनाओं के नामों की चर्चा करना चाहूंगा- राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण योजना, राजीव गांधी राष्ट्रीय पेय जल मिशन, राजीव गांधी नेशनल फैलोशिप फॉर एससी/एसटी स्टुडेंट्स, राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना, राजीव गांधी रिहैबिलिटेशन पैकेज फॉर सुनामी एफेक्टिड एरियाज़, राजीव गांधी भवन, राजीव चौक, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, राजीव गांधी अभ्युदय योजना, राजीव गांधी एजुकेशनल सिटी, राजीव गांधी विद्यार्थी सुरक्षा योजना, राजीव गांधी सेन्टर फॉर बायो टेक्नोलॉजी, राजीव गांधी आवास योजना और राजीव गांधी ब्रेकफास्ट स्कीम। मैं जानना चाहता हूं कि इसके बाद राजीव गांधी लंच स्कीम या डिनर स्कीम कब आ रही है?

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondichery): Why are you laughing? *...(Interruptions)...*

श्री राजनाथ सिंह: नहीं, नहीं, मैं राजीव गांधी जी की इज्जत करता हूं, ...**(व्यवधान)**... राजीव गांधी के प्रति हमारे मन में सम्मान है ...**(व्यवधान)**...

SHRI ARUN JAITLEY (Gujarat): We are laughing because you are short of names. *...(Interruptions)...*

श्री राजनाथ सिंह: लोकतन्त्र में एक ही परिवार की आराधना का यह भद्दा मज़ाक कब तक आप इस हिन्दुस्तान की जनता से करते रहेंगे। क्या वंशवाद चलेगा? क्या परिवारवाद चलेगा? ...**(व्यवधान)**...

डा॰ प्रभा ठाकुर (राजस्थान): तब आपको इसमें एतराज़ करने की क्या आवश्यकता है?

श्री राजनाथ सिंह: दूसरी चीज़, जिन महात्मा गांधी जी को आप अपना आदर्श मानते रहे हैं, जिन महात्मा गांधी की नीतियों पर चलने का आप दावा करते रहे हैं, उन महात्मा गांधी का नाम कहीं भी नहीं है! उनके नाम पर कोई योजना नहीं है! मैं समझता हूं कि इस प्रकार एक परिवार और एक वंश की आराधना का ऐसा भद्दा मज़ाक दुनिया के किसी भी देश में नहीं होता होगा जो इस हिन्दुस्तान में हो रहा है। संवैधानिक संस्थाओं और पदों की गरिमा भी तेज़ी के साथ गिरी है।

अब मैं एक संवैधानिक संस्था-चुनाव आयोग की चर्चा करना यहां पर आवश्यक समझता हूं। श्रीमन्, कैबिनेट के ही एक वरिष्ठ मंत्री हैं, उन्होंने चुनाव आयोग के ऊपर अंगुली उठाते हुए कहा था कि चुनाव आयोग केवल पक्षपाती ही नहीं है बल्कि जातिवादी भी है ...(व्यवधान)... । भारत के इतिहास में आज तक कभी-भी किसी सेन्ट्रल गवर्नमेंट के मिनिस्टर ने किसी संवैधानिक संस्था पर इस रूप में अंगुली उठाकर आरोप लगाने का दुस्साहस नहीं किया होगा, जैसा कि इस सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के द्वारा किया जा रहा है।

आपके अभिभाषण में यह भी कहा गया है कि हमारी निर्वाचन पद्धति दोषमुक्त रही है और हमारे राष्ट्र को इस पर गर्व है। निर्वाचन पद्धति तो एक तरफ, आप तो यह कह रहे हैं कि नहीं, हम इलेक्टोरल रिफॉर्म करना चाहते हैं और हम भी यह जानते हैं कि यह होना चाहिए। यदि कुछ सही है तो यह बात सही है कि इस देश को, इस राष्ट्र को इलेक्शन कमीशन पर गर्व है, निर्वाचन आयोग पर गर्व है। लेकिन उस इलेक्शन कमीशन के खिलाफ भी कांग्रेस के एक महामंत्री के नेतृत्व में चुनाव आयोग के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा गया। और इसी सरकार के एक मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस करके चुनाव आयोग के ऊपर आरोप लगाया। अल्पसंख्यकों के लिए आपने अलग से मंत्रालय बनाया है। मैं कभी भी इस पक्ष का नहीं हूं। मैं पहले ही मानता हूं कि मजहब के आधार पर, धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का विभाजन नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। विकास सब का होना चाहिए चाहे हिन्दू हो, चाहे मुसलमान हो, इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती है, लेकिन फिर से आपने केवल अपीस करने के लिए, एक समुदाय को अपीस करने के लिए 15 सूत्रीय कार्यक्रम, मैं जानता हूं उससे पहले भी 15 सूत्रीय कार्यक्रम आपके कई बार बने हैं, जितने भी पिछले प्रेजीडेंशियल एड्रेस हुए होंगे, उठाकर वह स्पीच पढ़ लीजिए। सब में 15 सूत्रीय, 18 सूत्रीय कार्यक्रम हैं, अपीस क्यों करते हैं, उनको अलग रखकर आप क्यों सोचते हो। मुस्लिम समुदाय को भी हम चाहते हैं कि पूरे समाज के साथ जोड़कर ही देखा जाना चाहिए, अलग से नहीं देखा जाना चाहिए। अब जैसे रिजर्वेशन की भी जो व्यवस्था की गई है। चाहे वह अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था हो अथवा पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था हो। उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से, अब प्रधान मंत्री जी भी आ गए हैं, मैं उनसे यह अनुरोध करना चाहता हूं कि कम से कम आपके आने के बाद इस समुदाय को केवल एक वोट बैंक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, अब इस समुदाय को एक इंसान के रूप में देखिए। कैसे विकास हो सकता है, कैसी प्रगति हो सकती हों, कौन से ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए ताकि समाज में सामाजिक समरसता पैदा हो, इसके लिए प्रयत्न किए जाने चाहिए।

श्रीमन, जैसा मैंने पहले कहा कि कई ऐसे ज्वलंत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिनका उल्लेख इस अभिभाषण में नहीं किया गया है। जैसे गांव, गरीब किसान, जैसे लगता है कि गांव, गरीब किसान

से इस सरकार को पूरी तरह से परहेज हो। इसका कोई उल्लेख इस सरकार ने नहीं किया है। किसान आत्म हत्या कर रहे हैं। जैसा मैंने पहले कहा कि आत्म हत्याएं हजारों की संख्या में पहुंच चुकी हैं। यह इतना संवेदनशील विषय है, इतना सेंसेटिव इश्यू है, लेकिन इसका उल्लेख अभिभाषण में नहीं किया गया। मुझे आश्चर्य हुआ है, क्यों नहीं हुआ है और मैं कहना चाहता हूं कि आपने बहुत सारी योजनाओं की चर्चा की है इस अभिभाषण में कि आपकी सरकार क्या करने वाली है। आपने क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम की भी चर्चा की। मैं कहना चाहता हूं कि इंकम इंश्योरेंस स्कीम जो एन॰डी॰ए॰ शासनकाल में हम लोगों ने तैयार की थी, उसको लागू करने में आपत्ति क्या है? मुझे याद है कि अपने बजट के पहले भाषण में यू॰पी॰ए॰ गवर्नमेंट के वित्त मंत्री ने यह कहा था कि इंश्योरेंस स्कीम एक अच्छी स्कीम है और यह सरकार कुछ संशोधन के साथ यह स्कीम निश्चित तौर पर लागू करेगी। लेकिन इतना समय गुजर जाने के बाद भी वह स्कीम लागू नहीं की गई। किसान के खेत की भी गारंटी इंकम तय की जानी चाहिए, तभी किसानों की आत्म हत्या को रोका जा सकता है, नहीं तो कोई और दूसरा रास्ता नहीं है कि किसानों की आत्म हत्या को रोका जा सके। किसान इस देश का सबसे बड़ा उत्पादक, सबसे बड़ा उपभोक्ता और सबसे बड़ा ग्राहक है। उस किसान को उपेक्षा नहीं होनी चाहिए, गांव की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। किसानों को जो कर्ज मिल रहा है, वह मिल रहा है 8 परसेंट, 9 परसेंट, 10 परसेंट। पहले 14 से लेकर 18 फीसदी दर पर किसानों का एग्रीकल्चर लोन मिलता था इस रेट आफ इंटरेस्ट पर, हम लोगों ने इसको घटाकर 8.5 टू 9 परसेंट किया। लेकिन मैंने उस समय के प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को इस बात पर भी राजी कर लिया था और उन्होंने मान लिया था तथा घोषणा भी कर दी थी कि यदि हमारी अगली बार सरकार बनेगी, हम ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि कोई किसान एग्रीकल्चर लोन लेने के लिए जाए तो उसे 6 परसेंट से ज्यादा का इंटरेस्ट नहीं देना पड़े। मैं प्रधान मंत्री जी, आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि जब तक इस हिन्दुस्तान का गांव नहीं उठेगा, जब तक इस हिन्दुस्तान का किसान नहीं उठेगा तब तक यह हिन्दुस्तान कभी नहीं उठ सकता है। इसलिए एक बार कृषि ऋण पर ब्याज दर 6 फीसदी करने की कृपा करें, यह मैं अनुरोध करना चाहता हूं।

जहां तक पी॰ डी॰ एस॰ पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम का प्रश्न है, जैसे लगता है कि यह सरकार पूरी तरह से आमादा है कि इस सिस्टम को ही बिल्कुल समाप्त कर दें। जो गेहूं, जो चावल पी॰डी॰एस॰ सिस्टम के जो आउटलेट्स हैं, दुकानें हैं जहां पहुंचना चाहिए लेकिन नहीं पहुंच रहा है। और जो पहुंच भी रहा है उसकी कीमत बढ़ गई। अब गेहूं आपको इम्पोर्ट करना पड़ रहा है,क्योंकि आपने किसानों का गेहूं खरीदा नहीं, किसानों को सस्ते दर पर अपना गेहूं बाजारों में बेचना पड़ा। अब आपके बफर स्टॉक में इस समय गेहूं है नहीं, कहां से पी॰डी॰एस॰-सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर गेहूं देंगे? जैसे लगता है कि केन्द्र सरकार बिल्कुल आमादा हो गई है

पी०डी०एस० सिस्टम को समाप्त करने को। उपसभापति महोदय, मैं आतंकवाद की बहुत ही संक्षेप में चर्चा करना चाहूंगा। आतंकवादियों के कई हमले हुए। भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में भी आतंकवादियों का हमला हुआ। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा और दिल्ली में भी दीपावली के अवसर पर आतंकवादियों का हमला हुआ। इतना ही नहीं, बंगलौर का जो भारतीय विज्ञान संस्थान है, वहां पर भी आतंकवादियों ने हमले किये। मैं कहना चाहता हूं कि सांस्कृतिक केन्द्र पर भी हमला हुआ, राजनैतिक केन्द्र पर भी हमला हुआ और इस देश के बौद्धिक केन्द्र बंगलौर में भी हमला हुआ, जिसको हम आईटी हब के रूप में भी देखते हैं। लेकिन इस देश में जो बड़ा आयाम आतंकवाद को मिलता जा रहा है, इसको रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम यह सरकार उठायेगी, इसके बारे में इस अभिभाषण में कोई उल्लेख नहीं हुआ है।

उपसभापति महोदय, पारदर्शिता की बात कही गई है। अभिभाषण में बड़े जोर-शोर से पारदर्शिता की बात कही गई है और राइट टू इनफारमेशन एक्ट आने के बाद तो बड़े दमखम के साथ यह बात दोहराई गई है, लेकिन पारदर्शिता का यह अभाव निरन्तर बढ़ता जा रहा है, इस सरकार के आने के बाद। चाहे दिल्ली और मुम्बई के हवाई अड्डों के निजीकरण का निर्णय हो, चाहे रिटेल ट्रेड में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट का निर्णय हो, सब में हमें पारदर्शिता की कमी नजर आती है। उपसभापति महोदय, वहीं वोल्कर रिपोर्ट में भी नाम कांट्रेक्चुअल बेनिफियशरी यानी दलालों की सूची में कांग्रेस पार्टी के नाम का आना और उसके बाद इटली के मशहूर ब्रोकर क्वात्रोची के बैंक खातों से रोक हटाना, कुछ ऐसे कार्य हैं जिनमें पारदर्शिता का हमको पूरी तरह से अभाव दिखाई देता है।

श्री सभापति पीठासीन हुए

कोई भी सामान्य आदमी सहज तरीके से कैसे कोई सूचना प्राप्त कर पायेगा, इस सरकार के रहते हुए, इस पर हमको संदेह है। बहुत सारी चीजें सामने आई हैं, मैं अपनी बात को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा, तो ज्यादा समय लगेगा, लेकिन जल-प्रबंधन का उल्लेख मैं जरूर यहां पर करना चाहता हूं। जल-प्रबंधन की बात यहां पर कही गई है। इस सरकार ने बड़ी गंभीरतापूर्वक इस काम को अपने हाथ में लिया है। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से जानना चाहूंगा कि नदियों को जोड़ने का फैसला एनडीए गवर्नमेंट ने किया था, अब सरकार उस संबंध में क्या विचार कर रही है, इसका कोई भी उल्लेख राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में नहीं है। इस संबंध में सरकार का क्या विचार है, यह हम सब जानना चाहेंगे।

ट्रेनों में लूटपाट की घटनाएं हो रही है। लूटपाट की छुटपुट घटनाएं तो होती रही हैं, पहले भी हुई हैं। मैं यह दावा नहीं करना चाहता था कि पहले बिल्कुल नहीं हुई हैं, लेकिन लूटपाट की घटनाएं अब बढ़ी हैं। अब ट्रेनों में बलात्कार की घटनाएं भी होने लगी हैं, इनको रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है, इसका कोई उल्लेख इस अभिभाषण में नहीं किया गया है।

अभिभाषण के पैरा सात की ओर भी मैं ध्यान दिलान चाहूंगा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स के स्तर के संस्थान बनाने कि जो योजना हम लोगों ने बनाई थी, उसका भी कोई उल्लेख इस अभिभाषण में नहीं किया गया है।

सभापति महोदय, खादी के बारे में, मैं जरूर कहना चाहूंगा क्योंकि कहा जाता है कि गांधी के नाम का कांग्रेस में बहुत बड़ा प्रभाव हे। केवल गांधी ही नहीं, जिस भी नाम के आगे गांधी लगा हो, कांग्रेस में उसका गुणगान बड़ी तेजी के साथ किया जाता है, चाहे जिसके नाम के आगे गांधी शब्द लगा हो। लेकिन महात्मा गांधी के विचारों के प्रति, खादी के बारे में क्या यह सरकार कर रही है, ग्रामोद्योग के लिए सरकार क्या कर रही है, इसका भी कहीं भी उल्लेख नहीं है। सभापति महोदय, मैं तो यही कहना चाहता हूं कि गांधी की हत्या गोडसे ने की हो, लेकिन इस आजाद भारत में गांधीवाद की हत्या अगर किसी ने की है तो कांग्रेस ने की है, यह बात मैं दावे के साथ कहना चाहता हूं। आपका कम से कम इसका उल्लेख तो करना चाहिए था। ...(**व्यवधान**)...

प्रो॰ राम देव भंडारी (बिहार): गोडसे कौन थे? ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह: यह हिन्दुस्तान को ही नहीं, सारी दुनिया को मालूम है कि गोडसे कौन थे। ...(**व्यवधान**)... सभापति महोदय, 60 लाख मकान बनाने की बात कही गई हैं लेकिन आपने हाउस लोन पर, आवासीय ऋण पर ब्याज दर बढ़ा दी है। एनडीए की गवर्नमेंट थी ...(**व्यवधान**)...

PROF. P.J. KURIAN (Kerala): Sir, that particular statement should not go on recort... *(Interruptions)* How can he made sch a sweeing allegation? It should not go record...

श्री सभापति: आप बोलिये, आप बोलिये। ...(**व्यवधान**)...

PROF. P.J. KURIAN: What is your ruling, Sir? *(Interruptions)*

श्री राजनाथ सिंह: एनडीए के शासन काल में उसको 15 फीसदी से घटाकर सात फीसदी हम लोगों ने किया था लेकिन इस सरकार ने इस रेट ऑफ इंटरेस्ट को और अधिक बढ़ा दिया।

SHRI V. NARAYANASAMY: He is accusing the Congress, Sir. He made a statement that the Congress had assassinated Mahatma Gandhi. That has been made by the national President of the Bhartiya Janata Party. *(Interruptions)* That is the statement that he has made. *(Interruptions)*

श्री राजनाथ सिंह: गांधीवादी की बात मैंने कही है सर। गांधी की बात नहीं की। गांधीवाद की हत्या कहा है ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: एक मिनट ...(**व्यवधान**)... मेरी सुनिए...(**व्यवधान**)... किसी परसन पर आरोप नहीं लगाया है।..(**व्यवधान**)... किसी परसन पर आरोप नहीं लगाया है।..(**व्यवधान**)...

PROF. P.J. KURIAN: Please look into the records. *(Interruptions)* I was listening to the translation

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन्, मैं बहुत संक्षेप में अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं।

THE MINISTER OFHOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, let me submit very respectfully. Rajnath Singhji is the President of a party. He has made an allegation against another party. And historical facts are before us. We can take a judicial notice of what is the judgment given and what are the facts. And, in spite of that, on the floor of the House, if a statement of this nature is made and if it is allowed to go on the record, tomorrow, the people would read it and they would ask, "You were sitting there. You did not object to it. Why did you allow it to go on record?". Sir, this is little too much. *(Interruptions)*.

श्री सभापति: मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि इस हाउस में और हाउस के बाहर कई बार इस तरह की चर्चा हुई है कि गांधी की हत्या आरएसएस ने की, बीजेपी ने की, हिन्दु महासभा ने की, इस हाउस में भी कई बार चर्चा हुई। ...(**व्यवधान**)...मेरी सुनिए, यह चर्चा हुई है। एक संगठन दूसरे संगठन पर आरोप लगा रहा है, लेकिन यहां यह आरोप इस बात का नहीं लगा है कि गांधी जी की हत्या किसने की। आरोप इस बात का लगा है कि गांधीवाद, उस गांधीवाद की हत्या किसने की। यह आरोप है, यह किसी व्यक्ति पर नहीं है।

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: गांधी जी की हत्या घृणा ने की है जो सालों से फैलाई जा रही थी।

श्री सभापति: गांधीवाद की हत्या कहा है...(**व्यवधान**)... खादी के संदर्भ में किया गया है ...(**व्यवधान**)...

PROF. P.J. KURIAN: Sir, we expect a ruling from you. *(Interruptions)*

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: But this is going a little too far.

श्री सभापति: मैं आपको बताऊं...(**व्यवधान**)... खादी के संबंध में किया है। अब आप जानते हैं कि कई लोग खादी नहीं पहनते हैं तो जो खादी नहीं पहनते हैं, उसका मतलब यह नहीं है कि उन्होंने गांधी की हत्या कर दी।...(**व्यवधान**)...

कुमारी निर्मला देशपांडे (नाम-निर्देशित): सर, मैं पूछना चाहती हूं कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने उस वक्त क्या कहा था? उसकी तरफ मैं सदन का ध्यान खींचना चाहती हूं।

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन्, अब मैं राष्ट्रपति अभिभाषण के दूसरे बिन्दु की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ...(व्यवधान)... वह तो बता चुका। अभिभाषण के दूसरे बिन्दु की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। अभिभाषण में कहा गया है कि "मेरी सरकार ने हमारे पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और सहयोगी संबंध स्थापित करने और दक्षेश को सुदृढ़ करने के लिए जोरदार प्रयास किए हैं।" परन्तु इस अभिभाषण में कहीं पर दो पड़ोसी देशों-बंगलादेश और नेपाल में चल रही चिंताजनक जो गतिविधियां हैं, इनका उल्लेख इस अभिभाषण में कहीं नहीं किया गया है। श्रीमन्, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का भी ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि असम के राज्यपाल ने भी कहा है कि 6 हजार की संख्या में बंगलादेशी घुसपैठिए प्रतिदिन असम की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। यह सरकार उस घुसपैठ को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है, इसका यहां पर कोई उल्लेख नहीं किया है। क्योंकि यह घुसपैठ का मामला इस देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला है, इसलिए मैंने यहां पर इसकी चर्चा की है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि साम्प्रदायिक दंगों में जो लोग मारे जाते हैं, उनको कोई न कोई कंपनसेशन गवर्नमेंट के द्वारा दिया जाता है-कभी-कभी स्टेट गवर्नमेंट देती है, कभी-कभी सेंट्रल गवर्नमेंट देती है- लेकिन आतंकवादी और नकसलवादी गतिविधियां, अन्य आतंकवादी गतिविधियां जिस तेजी के साथ बढ़ती जा रही हैं, उनमें जो निर्दोष लोग मारे जाते हैं, उनको कम्पनसेशन दिया जाना चाहिए या नहीं दिया जाना चाहिए ...(व्यवधान)... मैं चाहूंगा कि सरकार को इस संबंध में भी अपना मत व्यक्त करना चाहिए। नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट्स की हालत तो दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। ...(व्यवधान)...

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (मध्य प्रदेश): गुजरात में बहुत से निर्दोष लोग मारे गए थे, मैं आपकी ताईद कर रहा हूं राजनाथ सिंह जी, आपने बहुत अच्छी बात कही है कि जो लोग निर्दोष मारे जाते हैं, उनको देना चाहिए। तो गुजरात में बहुत निर्दोष लोग मारे गए हैं, उनके लिए भी ज़रा बोल दीजिए। ...(व्यवधान)...

†[مولانا عبیداللہ خان اعظمی : گجرات میں بہت سے لوگ مارے گئے تھے، میں آپ کی تائید کر رہا ہوں راج ناتھ سنگھ جی، آپ نے بہت اچھی بات کہی ہے جو لوگ نردوش مارے جاتے ہیں، ان کو دینا چاہئے۔ تو گجرات میں بہت نردوش لوگ مارے گئے ہیں، ان کے لئے بھی ذرا بول دیجئے.....مداخلت.....]†

श्री राजनाथ सिंह: गुजरात में दिया गया है ..बतला रहे हैं कि दिया गया है। महामहिम राष्ट्रपति महोदय के ...(व्यवधान)...

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार): गुजरात में तो मुकदमे भी आपने खत्म करा दिए थे, मुकदमे नहीं होने दिए थे। वह तो सुप्रीम कोर्ट है कि फिर मुकदमे होने जा रहे हैं।

श्री सभापति: राजनाथ सिंह जी, आप बोलिए।

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन्, अब मैं अभिभाषण के दूसरे बिंदु की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जम्मू-कश्मीर को 24 हज़ार करोड़ रुपए का पैकेज देने का ज़िक्र इस अभिभाषण में किया गया है। यह अच्छी बात है, राज्यों को यदि विशेष पैकेज दिया जाता है तो उसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती है, लेकिन शरणार्थी शिविरों में वर्षों से जो लोग एक दर्दनाक जीवन जीने को मजबूर हैं, उनके बारे में भी चिंता व्यक्त नहीं की गई है, यानी जो कश्मीरी पंडित शरणार्थी शिविरों में वर्षों से पड़े हुए हैं, उनकी दुर्दशा देखते ही बनती है, लेकिन उनका भी इस अभिभाषण में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। सरकार क्या कर रही है-इसका उत्तर, मैं चाहूंगा कि यदि इस सदन के समक्ष बहस का उत्तर देते समय प्रधान मंत्री जी देंगे, तो हमको कुछ संतोष होगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का ध्यान इस ओर भी आकर्षित करना चाहता हूं कि राम जन्मभूमि की समस्या एक गंभीर समस्या है और इस समस्या के समाधान के लिए जब श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भारत के प्रधान मंत्री थे, तो उस समय एक अलग से सेल बनाया गया था, इस राम जन्मभूमि की समस्या के समाधान के लिए, कि जो दूसरे मज़हब के लोग हैं, उन लोगों के साथ भी बातचीत का सिलसिला प्रारंभ किया जा सके और इस डिस्प्यूट को जल्दी से जल्दी रिज़ॉलव किया जा सके। इस अभिभाषण में इसका उल्लेख करना चाहिए था, क्योंकि यह कोई ऐसा-वैसा issue नहीं है बल्कि national issue है और सचमुच इस issue को रिज़ॉल्व करने के लिए जैसे पहले एक सेल था प्रधान मंत्री कार्यालय में, वैसा ही एक सेल आज भी प्रधान मंत्री कार्यालय में होना चाहिए, क्योंकि राम जन्मभूमि का प्रश्न, यह करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास के साथ जुड़ा हुआ प्रश्न है।

महोदय, अभी सरकार के क्रियाकलापों पर मैं कुछ ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। अंतिम टिप्पणी करना चाहता हूं और वह यह है कि प्रधान मंत्री कार्यालय से विभिन्न मंत्रालयों को एक पत्र भेजा गया कि अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रधान मंत्री कार्यालय को नज़रअंदाज़ न करें, पहली बार ऐसा हुआ, इसके पहले ऐसा नहीं हुआ और यह भी लिखा है कि अधिक दिन पहले न अवगत करा सकें तो कम से कम तीन दिन पहले प्लीज़ अवगत तो करा दिया करें। यह कैसी लाचारी है? यानी पावर सेंटर तो हम 7, रेसकोर्स रोड को ही मानते हैं, क्या पावर सेंटर कहीं और हो गया है? कहीं जनपथ पर तो नहीं चला गया है?

श्रीमन्, बस इतना ही कहना चाहूंगा, सार में, संक्षेप में यदि कहना चाहूंगा तो यही कहूंगा—

"जनता पर महंगाई की मार है,

संविधान की गरिमा तार-तार है,

हमारे प्रधान मंत्री जी बेचारे

बेबस और लाचार हैं,

फिर भी उल्लास का संचार है।''

इस सरकार के बारे में यही कहा जा सकता है। पूरे अभिभाषण के बारे में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि पूरा अभिभाषण दिशाहीन है, भावहीन है और अनिश्चितता से भरा हुआ है। ...(व्यवधान)... दिशाहीन है, directionless है, spritless है। ....(व्यवधान)...

श्री सभापति: ठीक है...ठीक है। प्रभा जी, बैठ जाइए। आप खत्म कीजिए।

श्री राजनाथ सिंह: मैंने यहां पर इसका उल्लेख करने की आवश्यकता इसलिए कही है, यह परसेप्शन नहीं बनना चाहिए ...(व्यवधान)... कि हमारी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के कई पावर सैक्टर्स हैं। ...(व्यवधान)... यह परसेप्शन आम जनता में नहीं बनना चाहिए। इसीलिए मैंने उल्लेख किया है। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: बोलिए, बोलिए।

श्री राजनाथ सिंह: इस अभिभाषण को पढ़ने के बाद मैं अंतिम बात यह कहना चाहता हूं, ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: बैठिए, बैठिए।

श्री राजनाथ सिंह: इस अभिभाषण को पढ़ने के बाद श्रीमन, मैं अंतिम बात यही कहना चाहूंगा कि इस अभिभाषण में जनता की अपेक्षाओं पर पानी फेर दिया है और अभिभाषण के कारण इस देश की जनता में गहरी निराशा व्याप्त हुई है। इतना ही उल्लेख करते हुए और धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI NILOTPAL BASU: Mr. Chairman, Sir, this is a very interesting debate that has started because, I think, now the focus has shifted from the Presidential Address itself to the emergence of a new 'President'. I congratulate Raj Nath Singhji for having become the President of the main Opposition Party. ...*(Interruptions)*...

SOME HON. MEMBERS: Thank you.

श्री सभापति: आगे सुनो।

SHRI NILOTPAL BASU: Therefore, I was happy that given the context in which he has assumed the post of President, that has reflected in the

discourse that also we have heard today. Ram Janambhoomi is again heard which was not heard in the last 20 months. We were discussing the other issues regarding the development of the country. Of course, we have our differences with this Presidential Address and I will come to that, but figures of Bangladesh inflitrators and issues like appeasement that we have heard, and, naturally, I am fully sympathethic with Mr. Raj Nath Singh because we know the context in which he has become the President and it is very important. I am fully appreciative of his compulsions. But, Sir, when you discuss the President's Address, naturally, we know what is the Constitutional functioning of a President's Address. The President's Address is basically, at the same time, a balancesheet of the Government. You try to work out how the past has been, how in the last year the Government has performed and, at the same time, President's Address also gives a direction, a policy direction of the Government. Now, Sir, with so much of corporate culture around, I think, the President's Address is also something like an annual report. So, there has to be a SWAT analysis-strength, weakness, opportunity and target--because there are many friends in the Government today, quite chirpy at times, about what kind of approach should be taken in running the Government and enlightened public interest is informing this Government. Therefore, what I am a little uncomfortable with is the completely congratulatory tone of the President's Address.

श्री रवि शंकर प्रसाद: यही बात तो राजनाथ सिंह जी भी बोल रहे थे, आप क्यों परेशान हो रहे हो?

श्री नीलोत्पल बसु: लेकिन राजनाथ सिंह जी जो बोल रहे थे, उसमें उसका स्वर नहीं था। जो साढ़े पांच साल का उनका जमाना चला, उसमें क्या-क्या हुआ?

Let us come to the first point i.e., economic growth. Now, Rajnath Singhji was very upset with the fact that the Government has missed it out on the President's Address that in the third quarter of 2003-04, there was a 10 per cent growth. WE discussed this issue earlier also in this House. That 10 per cent growth was in the backdrop of a 16 per cent growth in agriculture. It was because there was a negative 27 per cent growth in agriculture in the corresponding period of the third quarter. Shri Rajnath Singhji has also failed to really remember that the food production in the country came down to a level with respect to population where we have the same per capita food availability as during the Bengal

famine. Therefore, when we criticise the Government we should also try to remember what has happened during a certain period of time. What has happened to the PDS system during that period? I don't want to go into that. At the same time, on the one hand, people were dying. And, on the other, there was a record buffer stock in the godowns. People could not purchase them because the PDS issue prices have gone up so much that people cannot access foodgrains. And, ultimately, foograins had to be exported outside at a price which was lower than the price at which it was intended to make them available to the people. So, I think, no constructive purpose is served by making such points, because people, on the basis of their experience, have rejected you. There can be a debate whether the Congress has a mandate. There can be a debate on this. But the question which is decisively proved by the Indian people is that you did not have the mandate. The people rejected you. So, let us start from that-- what was the mandate all about and how that mandate is to be worked out. There comes the problem that we have and we face.

I should not be talking about it because Mr. Rashid Alvi has gone out. Today, Sir, in the House, we heard a most creative explanation of the foreign policy of the Government. Now, Sir, through you, I would like to inform the hon. Prime Minister that morning we had a heated discussion here about the kind of the role the US Ambassador is playing and the Government's response to that kind of an approach and the kind of conclusions and the kind of perceptions that is taking place in the minds of the people about the foreign policy. It is true that the NCMP has stated that our foreign policy must be endependent and that we are opposed to unilateralism and we should try to develop a multi-polar world. I don't know it what Shri Rashid Alvi has said is the official position of the Congress Party. He said that, 'the rules of the game have changed. And, there is only one power, the US, and it is more wiser to rally with that blindly and we should go along with Americans in so far as the foreign policy is concerned.'

SHRI RAASHID ALVI (Andhra Pradesh): Sir, I only quoted the statement of Shri Atal Bihari Vajpayee made in the Lok Sabha. It was not my statement.

SHRI NILOTPAL BASU: Very good. I am assured that it was not your statement. But, I think,.....

SHRI RAASHID ALVI: This is on record.

SHRI NILOTPAL BASU: I know. I have heard that speech from Atal Bihari Vajpayeeji. So, I have no problem in understanding what has happened.

The question is, I am not dealing with this issue elaborately now because on 23rd of this month we are going to have a debate on Iran's nuclear programme and this whole question would be discussed then at length. But the point is, this country has a certain tradition. The NCMP also says that we will assimilate those experiences of the past in making our foreign policy. Now, Sir, we have no problem in having friendly relations with a particular country. But, you see, when that country is actually trying to impose a certain hegemonic structure and hegemonic processes on the whole world, shall we go along with it? Shall we not demarcate from that country? Shall we not oppose where our national self-respect becomes a victim? Shall we not stand up to all that? Now, what is happening in the whole world today? People are seeing what happen in Iraq and what is happening in Iran. And, there is no position of the Government of India on those questions. We are repeating what is being repeated by that kind of a super power because the rules of the game have changed. We are being told day-in-and-day-out that that is the only way. And here also, I do not understand the meaning of these words," enlightened national interest." National interest is indivisible. Is a small section of the people, the so-called strategic affairs experts, are they only privy to enlightened national interest, and rest of the people who do not agree with that are not part of the enlightened national interest? This, Sir, I think, is a clear departure from the Common Minimum Programme. Therefore, Sir, I think, this approach, this formulation should not have been there in the Presidential Address. I think, the spirit of the Common Minimum Programme by which, and on the basis of which this Government is governing the country, should have been properly reflected.

I do not know who in this country believes that we must partner the United States to spread freedom and democracy all over the world. We also heard that kind of a description that the strategic partnership that we have to have with the United States is for spreading freedom and democracy all ove the world. Now, what is happening in Iraq, is that freedom? Is that democracy? And, we need to partner the United States to spread that kind of freedom and democracy or not, that is a question which we must ask ourselves.

962RS—15A

Sir, the Common Minimum Programme spoke about the economic reforms and it said, "the UPA reiterates its abiding commitment to economic reforms with a human face that stimulates growth, investment and employment." Now, does the reorm process that is going on in this country today, reflect this process of stimulating growth with investment and employment? I do not know, Sir. There was a big excitment last year about the FDI in the Telecom Sector, for example. It was told that we are not understanding the things and that for the growth of the Telecom Sector we need FDI. And, after a lot of debate, unilaterally, the Government decided on having 74 per cent equity provision for telecom companies. Now, Sir, almost one year has passed. I have inquired from the Government authorities how many new licences have come which could not come because of the earlier cap on the FDI int he Telecom Sector. Sir, I find that no single Telecom company has applied for new licences. There is no expansion of the Telecom Sector due to this revision in cap. This is the position. Yes, there is one advantage that one of the Indian private corporates went public and their shares were being picked up by a big foreign, global player. There share and the profits on their assets that had amassed in a big way. Therefore, is this the reform?

My other colleague will speak on infrastructure, and, particularly, what happened on the question of airport. But what I am saying is that if we are running this Government to to really take forward the reform process, we have to see whether that ereform proces is helping in augmenting investment. We have to see that while spurring growth, whether it is also augmenting investment and really creating employment generation. Because employment generation is not taking place in the manner in which it should. The President's Address talks about 7.5 per cent or 8 per cent growth. Now, the biggest laggard in this growth is the agriculture sector. If 70 per cent of our population is, actually, dependent on agriculture, and if agricultural growth is not taking place, then, how the growh reflects increased opportunities of employment in this country. I don't think that employment is growing in this country because the composition of the growth is such that that kind of a thing is not happening. There is no reflection of the Common Minimum Programme and the approach in terms of reforms, in terms of really inspiring employment generation in the country. What is happening in agriculture? Why isn't growing? what is the kind of reform needed today for agriculture? This is

not Left's criticism. The other day when the hon. Agriculture Minister was also present in this House, this question came up. Now, the Government has created a National Commission for Farmers, headed by Dr. M.S. Swaminathan. He has come out with a complete prognosis of what needs to be done. I can go into all the aspects of what the Swaminathan Commission has, actually, suggested. For example, constitution of a Fund to assist farmers affected by crop losses, that is not there; reduction of interest rates for farm loans to four per cent, etc. Shri Raj Nathji was talking of six per cent. He was lamenting about the fact that interest rates on housing loans have gone up, but he fails to remember that the interest rate on farm loans is 9.5 per cent while you can purchase a Mercedes car in Delhi with a loan bearing an interest rate of six per cent. So, I think that kind of a statement should not be made. Actually, the real requirement is to have a farm loan at the rate of four per cent. The other day--now he has become a Minister---Shri Jairam Ramesh made a very good point to the Finance Minister that the question is not of increasing the total qunatum of agricultural credit but of what kind and under what conditions the agricultural credit will be available to the farmers, so that small and marginal farmers are benefited. So far as the Government's programme is concerned, there is no such prognosis about the content of the agricultural credit; therefore, the situation is that small and marginal farmers are not benefiting. That is why the unfortunate phenomenon of suicide by farmers continues unabated. We support this Government. We want this Government to work for the implementation of this Common Minimum Programme. So, if that is the problem, I don't think that heavens will fall if we mention this problem as in a corporate SWAT analysis that these are the problems that the nation is faced with. We have to work collectively to overcome this problem. But, not being able to mention those difficulties and not being able to analyse as to how we will overcome these problem, I think, the nature of this Government is not becoming of that Goverment. In President's Address of that Government all these issues were not mentioned. Then, there are other issues, undertaking an all-India debt survey and taking appropriate measures for debt relief, including waiver for those farmers who are in distress. This is the bigeest problem. Sir, I can share with you alongwith my colleague, Shri P. Madhu, who toured for 15-20 days, those areas in Telangana. Sir, this is the major reason. The first crop fails, the second crop fails, the third crop fails, then, no institutional credit is available to the farmers. They are

going to moneylenders. They are charging 50 per cent rate of interest. And because of the kind of methods that they adopt, these poor farmers have no other option put to commit suicide. So this is another area. We had proposed last year during the Budget thatsome dynamism must be brought back to the cooperative credit sector. Some Rs. 5000 crores must be available for recapitalising the cooperative banks. Particularly, I referred to Jairam's point. That could be better addressed. But it has not happened.

Then, the kind of issues like creatiion of a Prince Stabilisation Fund for agricultural commodities, revamping of agricultural extension services through establishment of farm schools and village knowledge centres across the country, expansion of crop insurance to the entire country Covering all crops, etc., should figure in the President's Address, because we have to create that confidence in the people that this is the Common Minimum Programme on the basis of which we are trying to work the Government and these are difficulties and this is the manner in which we want to overcome them. Even if we cannot discharge certain responsibilities, people will understand. Otherwise, what is happening, Sir, is that is the absence of that kind of a prognosis—it is a fact—prices of essential commodities are going up. It is a fact that is the tribal areas, we are seeing that the Ministry of Environment is giving clearance after clearance; tribal land is being alienated. We are seeing, Sir, that in the sphere of education, the commitment in the Common Minimum Programme is six per cent of the GDP. If you calculate the figures, in terms of nominal GDP, last year there was a 0.02 per cent actual drop in the allocation for agriculture;for health, the commitment is for two-three per cent of GDP, but the allocation is now 0.35 per cent. Now, if this Government is for the *aam aadmi,* if this Government is functioning on the basis of the Common Minimum Programme, these are the kinds of issues which will inspire people. Raj Nath Singhji is around. They will try to use the discontent of the people, maybe, not always for a democratic change, maybe to arouse religious sentiments, but the point is, if they have to be united, if the people have to be united for undertaking or embarking on a course which really gives that confidence to the *aam aadmi* what should be the approach of the Government? If we have to stand on our self-confidence and act as an equal partner to the global development process, what kind of signal that the people of this counry will expect of us? I think, the significance of the President's Address

goes beyond the statement of policy of a Government. The President's Address must become the real rallying point for the people of the entire nation. But, unfortunately, these basic weaknesses ae actually affecting the direction of the President' Address which should have come out more clearly. Sir, we are seeing that in the case of agriculture, in the case of infrastructure, there is a decline in allocation. Now, we were hearing certain speeches. I have no quarrel with Karan Singhji or Shri Raashid Alviji. But, you see the President's Address cannot be a compendium of Annual Reports of the Standing Committees. Now, about roads, what is the situation in the road sector? Sir, I happen to be Chairman of that Standing Committee. The entire second phase of the NHDP is closed because the land acquisition has not taken place. Now, I would like to know whether there would be any reforms in those laws so that land acquisition can take place and compensation could be given to those people from whom the land will be taken. Now, Sir, in ensuring quality in road construction, is the right kind of monitoring taking place? The kind of private investment that we envisaged for the road sector is not taking place.

Sir, a lot has been said about the power sector. The Government showed unusual alacrity in reviving the Dhabol Power Plant. But overall, in the power sector, what is the investment that is coming? What is our power distribution policy? Earlier we were told that privatisation is the panacea for the difficulties that we are facing in the power distribution system. But here, in Delhi, we have seen that after privatisation, the Government has ended up paying greater subsidy to the private power companies.

So, these are the kind of issues that need to be addressed. We can, of course, write down certain things, which come to our mind. We can also claim that it is enlightened national opinion. But ultimately, unless it passes the test of the experience and scrutiny of people's daily lives, we will be actually fooling and ridiculing ourselves. I think that is valid for everybody. Thus, in the power sector this problem is there.

Then, Sir, drinking water is a serious problem. How many habitations are there which have sufficient water? It is not enough to announce and launch a programme. Sir, we do not get much time to discuss the reports of the Standing Committees; we have twenty four standing Committees in the Parliament. They are excellent documents prognosis on what is going wrong.

Sir, that is another problem with this Government. We had a Standing Committee report on Petroleum, which made certain recommendations on the pricing of petroleum products. Now, the Government has announced another Committee under the Chairmanship of C. Rangarajan. Now, which report would prevail? Which report will be given greater importance?

Sir, we are in a parliamentary system of democracy where the Executive is accountable to the Government. There is a change in the global atmosphere. We see that now, as part of this reform process, as part of these changes, decision-making is increasingly shifting away from elected representatives to "experts", and, in order to do that, it has become very important for many to delegitimise the elected representatives. And sometimes, many of our colleagues also fall prey to certain immediate temptations and we have to take very unfortunate decisions, as we did in the last Session. But, there is a larger game plan of delegitimising the process of decisions-making by elected representatives and on the question of accountability by the Executive to the Legislature. This is a very serious issue, Sir.

Sir, there is the question of our entire constitutional scheme, the strength on which we have come. There was a debate recently when the judiciary was talking in terms of questioning some of the decisions taken by the Legislature. These are larger questions. How, in our age, would this entire constitutional scheme work? Now, this is a national question.

Through you, Sir, I would like to ask the Government whether these kinds of fundamental questions, which question the functioning of our institutional framework, our constitutional framework, should figure in President's Address or not. Should President's Address really provoke or trigger off a certain debate on these fundamental issues? That is a very vital question that we wish to ask.

Sir, I thisnk it is very, very important that the fundamental principle of the accountability of the Executive to the Parliament be taken into account, bacause these are very important issues-whether it is in the social sector, or infrastructure, if we have to move ahead, we ahve to evolve a mechanism to have national consensus. We may be making loud statements; we may be making very laudatory wishes in terms of President's Address. But they along would not succeed in really creating self-assurance among the people, confidence in the people, to overcome the difficulties, to surmount the difficulties, that they are faced with on a

day-to-day basis. There are many issues, Sir. We have a society which is composite in nature. We have men and women. We have the question of gender discrimination which we are facing in this country. For sixty years, we have been striving to become a super-power. Girls die before they come out of their mothers' womb. We have female foeticide in this country. There is the question of women empowerment or social justice. How long can it be like that? So, these are the fundamental issues on which we have to have a national consensus. Some intention is definitely there, though only in patches. But the self-critical manner, in which the whole approach should have been there to set out national direction for rallying the entire people in the present point of time, is missing. With that, I would like to conclude. My other colleagues will now deal with other aspects. Thank you.

STATEMENTS BY MINISTERS

Outbreak of Avian Influenza in Navapur Village in District Nandurbar, Maharashtra and Outbreak of Avian Influenza Virus (H5n1)

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND THE MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SHARAD PAWAR): Sir, large scale death of poultry had been reported from navapur Taluka of District Nandurbar, Maharashtra. Preliminary investigations had indicated the possibility of Newcastle (Ranikhet) disease. Samples were also sent to High Security Animal Disease Laboratory (HSADL), Bhopal, to test for Avian Influenza.

The samples have since been tested at High Security Animal Disease Laboratory, Bhopal. Test reports confirm that samples are positive for H5N1 strain of Avian Influenza in poultry at Navapur, District Nandurbar, Maharashtra.

A series of strategic actions have been initiated immediately on confirmation of Avian Influenza.

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

These actions include declaration of infected and surveillance areas, absolute ban on movement of poultry or its products in infected areas, closure of poultry and egg markets and shops in infected areas,